हरिभूमि
# रायपुर भूमि

जीत के दावे पर प्रचार तक नहीं कर रहे निर्दलीय प्रत्याशी | हरिभूमि टीम ने की पड़ताल पोस्टर बैनर पर भी खर्च नहीं

# उपचुनाव में ऐसे प्रत्याशी, जो प्रचार के लिए नहीं निकले, पड़ोसियों तक को खबर नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

रायपुर दक्षिण विधानसभा चुनाव में भाजपा-कांग्रेस पार्टी के अलावा 28 और प्रत्याशी लड़ रहे हैं, जिनमें 18 निर्दलीय हैं। इन प्रत्याशियों में ऐसे कई प्रत्याशी हैं जो जीत का दावा कर नामांकन दाखिल कर चुनाव में खड़े तो हो गए हैं, लेकिन अपने पक्ष में वोट मांगने या प्रचार करने एक बार भी घर से बाहर नहीं निकले हैं। इससे उनके मोहल्ले में रहने वाले लोगों को ही पता नहीं है कि उनके मोहल्ले से कोई निर्दलीय प्रत्याशी भी चुनाव में खड़ा है। इधर इसके अलावा चुनाव में ऐसे भी कई प्रत्याशी कूद पड़े हैं, जो राजनीति में अपनी पकड़ बनाना चाहते हैं, लेकिन वे भी प्रचार-प्रसार में पैसे खर्च नहीं कर रहे हैं। इसके कारण इन प्रत्याशियों को भी उनके रिश्तेदार एवं परिचित लोगों के अलावा मोहल्ले तथा दूसरे मोहल्ले तक के लोग नहीं जानते। इससे चुनाव में ऐसे प्रत्याशियों के पक्ष में कितने वोट पड़ेंगे, इसका अनुमान कोई भी मतदाता लगा सकता है।

हरिभूमि की टीम जीत का दावा के साथ चुनाव मैदान पर उतरे निर्दलीय प्रत्याशियों द्वारा किस तरह से प्रचार किया जा रहा है, यह जानने के लिए शनिवार को सबसे पहले उनके वार्ड एवं मोहल्ले में पहुंची, क्योंकि कोई भी प्रत्याशी सबसे पहले मोहल्ले और वार्ड से ही चुनाव प्रचार की शुरुआत कर अपनी जीत की नींव रखने का प्रयास करता है। टीम ने जब मोहल्ले और वार्डों का जायजा ▶▶|शेष पेज 13 पर

### यह लड़ रहे हैं निर्दलीय चुनाव

संतोषी नगर निवासी शेख जैनब, मोतीनगर संतोषीनगर निवासी सैयद मुस्लीम, कुंदरापारा बैरनबाजार निवासी नंदनी नायक दूसरी बार विधानसभा चुनाव की निर्दलीय प्रत्याशी है, रिजवाना परवीन निवासी संजय नगर टिकरापारा भी विधानसभा चुनाव की निर्दलीय प्रत्याशी है, नीरज दुबे निवासी मार्बल मार्केट पचपेड़ी नाका भी उपचुनाव के निर्दलीय प्रत्याशी है, बीएसयूपी कालोनी भाठागांव निवासी अब्दुल अजीम भी निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में उपचुनाव लड़ रहे हैं।

### कुछ ने ई-रिक्शा किया, किसी ने पर्चे बांटे

निर्दलीय चुनाव लड़ रहे कुछ प्रत्याशियों ने ई रिक्शा पर पोस्टर लगाकर प्रचार किया है। वहीं कुछ ने पर्चे छपवाकर आसपास बंटवाए हैं। ज्यादा प्रत्याशी मुस्लिम वर्ग से हैं। इनमें से कई ने प्रचार किया ही नहीं हैं। कुछ प्रत्याशी ऐसे हैं जो दूसरे जिलों से आकर चुनाव लड़ रहे हैं। उनका कहना है कि रायपुर में चुनाव लड़ने का फायदा यह होता है कि उनके इलाके की बात यहां चर्चा में आ जाती है।

## खबर संक्षेप

### सूने मकान में धावा 80 हजार की चोरी

**रायपुर।** गंज थाना क्षेत्र में एक सूने मकान में चोरी हो गई। घटना 1 से 4 नवंबर के दरमियान की है। प्रार्थी विनोद कुमार वर्मा ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि उसका परिवार बाहर गया था। घर पर कोई नहीं था। 4 नवंबर को दोपहर करीब 12.30 बजे वे वापस लौटे तो घर के मुख्य दरवाजे पर लगा ताला टूटा पाया। अंदर जाकर देखा तो आलमारी में रखे सोने-चांदी के जेवरात एवं नकदी रुपए सहित करीब 80 हजार रुपए की चोरी हो चुकी थी। पुलिस ने इस मामले में धारा 331-4, 305 के तहत अपराध दर्ज किया है।

### जबरन घर में घुसकर मारपीट-तोड़फोड़

**रायपुर।** न्यू राजेंद्र नगर पुलिस ने जबरन घर में घुसकर मारपीट कर एवं तोड़फोड़ करने के मामले में अपराध पंजीबद्ध किया है। घटना 7 नवंबर शाम की है। प्रार्थिया अर्पिता महंती निवासी खुशी वाटिका अमलीडीह ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी सुगंधा सिंह भंडारी, जयंत सिंह एवं अन्य लोग उसके घर में जबरन घुसकर उसके नाना सोमनाथ दास के साथ पहले गाली-गलौच कर मारपीट की। इसके बाद डीजी लॉकर कैमरा और जेसीबी मशीन में तोड़फोड़ की।

ज्यादातर हिस्ट्रीशीटरों के खिलाफ दर्जनभर से ज्यादा मामले

# रायपुर में भी कई अमित जोश, 615 गुंडों की लिस्ट इनमें सौ से ज्यादा हिस्ट्रीशीटर, कई बेहद खतरनाक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

दुर्ग जिला पुलिस ने दो दिन पहले ही कुख्यात बदमाश अमित जोश को एनकाउंटर में मार गिराया। उसके खिलाफ करीब पचास मामले बताए गए। रायपुर में भी ऐसे बदमाशों की कमी नहीं है। जमीन दलालों के लठैत तथा उनके पैसों से प्रतिबंधित सूखा नशा का कारोबार करने वाले बदमाशों की सूची लंबी है। साथ ही लोगों के साथ मारपीट कर लूटपाट करने तथा अन्य तरह के गंभीर किस्म के अपराध को अंजाम देने वाले बदमाशों की संख्या 600 है। उनमें से आधे बदमाश पुलिस की हिस्ट्रीशीटर लिस्ट में शामिल हैं। पुलिस सूची में जो हिस्ट्रीशीटर हैं, उनमें से कई के खिलाफ लूट, हत्या की कोशिश तथा हत्या के मामले दर्ज हैं। बदमाशों के खिलाफ पुलिस लगातार अभियान चलाकर कार्रवाई भी कर रही है। बावजूद इसके शहर में बदमाशों का खौफ कम होने का नाम नहीं ले रहा। जेल से छूटने के बाद बदमाश सुधरने के बजाय और गंभीर किस्म के अपराध कर रहे हैं। पुलिस की जो हिस्ट्रीशीटरों की लिस्ट है, उनमें से कई बदमाश ऐसे हैं, जिनके पूरे खानदान का नाम हिस्ट्रीशीट में शामिल है।

## अपराधियों में महिलाएं भी, सौ से ज्यादा के खिलाफ प्रकरण

### अपराध की दुनिया में महिलाओं का दखल बढ़ा

रायपुर में दो दशक पूर्व पुलिस के गुंडा बदमाशों की लिस्ट में इक्का दुक्का महिलाओं के नाम शामिल थे। वर्तमान में पुलिस की लिस्ट में सौ से ज्यादा महिलाओं के नाम गुंडा लिस्ट में शामिल हैं। उनमें से ज्यादातर महिलाएं सूखे नशे का कारोबार से जुड़ी हुई हैं। हार्न बजाने पर मूक बधिर के नहीं सुन नहीं पाने पर एक किशोरी ने दो वर्ष पूर्व उसकी चाकू गोदकर बेरहमी से हत्या तक कर दी थी। बाल सुधार गृह से छूटने के बाद वह किशोरी सूखा नशा का काला कारोबार कर रही है।


बढ़ते अपराध पर अंकुश लगाने पुलिस ने दिया सख्त मैसेज

बेखौफ हुए अपराधियों पर सख्ती, राज्य बनने के बाद छत्तीसगढ़ में पांचवां एनकाउंटर

### तीनों में एनकाउंटर की थी तैयारी

पुलिस के अनुसार गंज थाना क्षेत्र के होटल में अमन साव गैंग के जिन बदमाशों को दबोचा, वो हथियार से लैस थे। अप्रिय स्थिति से निपटने पुलिस बदमाशों से निपटने पूरी तैयारी के साथ गई थी। बदमाश किसी तरह की अप्रिय स्थिति निर्मित करते, इसके पूर्व दबोच लिए गए। इसी तरह से अमन साव गैंग के जिन शूटरों ने तेलीबांधा में फायरिंग की घटना को अंजाम दिया था, उस मामले में घटना को अंजाम देने के बाद मौके से फरार हो गए। शूटरों को दबोचने पुलिस पूरी तैयारी के साथ निकली थी।

### सूखा नशा के लिए वर्चस्व की लड़ाई

राजधानी में टटपूंजिये बदमाश का शहर में आधा दर्जन से ज्यादा गिरोह संचालित हो रहा है। बदमाशों का यह गिरोह सूखा नशा ऑपरेट कर रहा है। उन टटपूंजिये बदमाशों के बीच आए दिन वर्चस्व के लिए लड़ाई होती रहती है। इसके कारण कई बार गंभीर रूप से कानून व्यावस्था की समस्या खड़ी हो जाती है। हाल के दिनों में जेल परिसर के बाहर गेट के पास एक बदमाश द्वारा दूसरे बदमाश पर फायरिंग की घटना उसी वर्चस्व की लड़ाई का नतीजा है।

### अपराध के साथ ब्रांडिंग कर रहे बदमाश

बदमाशों में लोगों के बीच खौफ पैदा करने नया ट्रेंड चल रहा है। बदमाश अपराध करने के बाद अपने अपराध की ब्रांडिंग करने सोशल मीडिया में वीडियो, फोटो अपलोड कर रहे हैं। जेल परिसर में फायरिंग की घटना के बाद पकड़े गए बदमाशों का उसके साथियों ने इसी तरह से महिमा मंडित करने वीडियो अपलोड किया था।

### चार महीने में तीन गंभीर किस्म के अपराध

रायपुर में पिछले चार माह के अंदर तीन गंभीर किस्म की अपराधिक घटनाएं हुई थीं। उनमें दो घटनाएं अमन साव गैंग से जुड़ी हैं। एक घटना में अमन साव के गुर्गे घटना को अंजाम देने के पूर्व दबोच लिए गए। दूसरी दफा फायरिंग करने में कामयाब हो गए। तीसरी घटना जेल परिसर के बाहर फायरिंग की घटना है।

# चेकिंग पाइंट पर जांच में 8 लाख कैश बरामद

- आचार संहिता उल्लंघन का मामला
- जब्त रकम जिला मॉनिटरिंग सेल के सुपुर्द



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

रायपुर दक्षिण उपचुनाव को लेकर प्रशासन ने सुरक्षा व्यवस्था बढ़ा दी है। अवैध गतिविधियों को रोकने कड़ी निगरानी रखी जा रही है। थाना पुरानी बस्ती और सीआरपीएफ ने बुढ़ेश्वर चौक तथा पंकज गार्डन के पास चेकिंग पॉइंट पर जब वाहन चालक के काले रंग के बैग की तलाशी ली तो उसमें 8 लाख रुपए नकद राशि मिली। रकम के बारे में जब वाहन चालक से वैध दस्तावेज दिखाने को कहा गया तो वह कोई दस्तावेज दिखा नहीं सका। पुलिस ने तुरंत कार्रवाई करते हुए उक्त राशि को जब्त कर लिया और आचार संहिता के उल्लंघन के मामले में जिला मॉनिटरिंग सेल को भेज दिया।

यह कार्रवाई प्रशासन की कड़ी निगरानी और चुनावी प्रक्रिया के प्रति सख्त रवैये का हिस्सा है। आचार संहिता के तहत चुनाव के दौरान किसी भी प्रकार की अवैध गतिविधि या मनी ट्रांसफर पर रोक लगाने के लिए प्रशासन द्वारा यह कदम उठाया गया है। पुलिस ने साफ किया कि चुनावी माहौल में अव्यवस्था फैलाने वालों के खिलाफ कार्रवाई बिना किसी भेदभाव के की जाएगी। घटना के बाद पुलिस प्रशासन ने सभी नागरिकों से अपील की है कि वे आचार संहिता का उल्लंघन करने से बचें और किसी भी प्रकार की अवैध गतिविधि में संलिप्त न हों।

*शहर के व्यावसायिक परिसरों में पार्किंग स्थल का स्वीकृति के विपरीत उपयोग*

# सड़क पर गाड़ियां, पार्किंग में दुकान और गोदाम, सर्वे की नौटंकी, कार्रवाई शून्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राजधानी के कचहरी चौक, मालवीय रोड, घड़ी चौक सहित कुछ अन्य प्रमुख व्यावसायिक इलाकों में पार्किंग स्थल होने के बाद भी सड़क पर गाड़ियां पार्क हो रही हैं। पार्किंग वाली जगह पर कहीं दुकान, तो कहीं गोदाम बना दिया गया है। पार्किंग स्थल का स्वीकृति के विपरीत उपयोग को लेकर निगम प्रशासन संजीदा नहीं है। हर बार की तरह एक बार जोनवार इन व्यासायिक प्रतिष्ठानों का सर्वे कराने की नौटंकी शुरू हो गई है। निगम आयुक्त ने इसके निर्देश सभी जोन के अधिकारियों को दिए हैं, जबकि नगर निवेश महकमे के पास पार्किंग स्थल का दुरुपयोग करने वालों की सूची पहले से है। ऐसे में कार्रवाई करने की जगह केवल नोटिस देने की खानापूर्ति फिर दोहराई जाने की तैयारी है।

### सर्वे करा रहे

मेन रोड पर गाड़ियों की पार्किंग को लेकर निगम प्रशासन जोनवार सर्वे करा रहा है। इसे सूचीबद्ध कर पार्किंग स्थल की स्वीकृति अनुरूप उपयोग नहीं करने वालों पर कार्रवाई करेंगे, नोटिस भी दे रहे हैं।

- **अबिनाश मिश्रा,** आयुक्त नगर निगम रायपुर

## नगर निगम नोटिस देकर कर रहा खानापूर्ति, सब पता फिर भी सर्वे का दिखावा

### केस 1

#### मालवीय रोड रविभवन सड़क के सामने गाड़ियां पार्क

नगर निगम के पुराने मुख्यालय दफ्तर के पास स्थित रविभवन परिसर में गाड़ियों की पार्किंग एक बड़ी समस्या बनी हुई है। बहुमंजिला परिसर व्यावसायिक दृष्टि से महत्वपूर्ण होने के साथ ही शहर का प्रमुख केन्द्र है। इस हिसाब से यहां पार्किंग की समुचित व्यवस्था होना जरूरी है। 1993 में अविभाजित मध्यप्रदेश ▶▶|शेष पेज 13




### केस 2

#### लालगंगा शापिंग कांप्लेक्स

राजधानी के लालगंगा शापिंग परिसर में पार्किंग की स्थिति लचर है। पर्याप्त पार्किंग की जगह नहीं होने से लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है, जबकि इस परिसर में बड़ी संख्या में लोगों का आना-जाना लगा रहता है। पार्किंग व्यवस्था मजबूत करने की मांग एक अरसे से हो रही है। इस ओर निगम प्रशासन ध्यान नहीं दे रहा। वहां बड़ी संख्या में लोग आते हैं और आमतौर गाड़ियां सड़क के पास पार्किंग करते हैं।



### केस 3

#### कचहरी चौक कृष्णा कांप्लेक्स

शहर के कचहरी चौक स्थित पुराने बहुमंजिला व्यावसायिक परिसर कृष्णा कांप्लेक्स में आने-जाने वालों के लिए गाड़ियों को पार्क करने की पार्किंग में पर्याप्त जगह नहीं है। इसके कारण ज्यादातर लोग मुख्य मार्ग वाली सड़क किनारे अपनी गाड़ियों की पार्किंग करने मजबूर हैं, जबकि रोजाना बड़ी संख्या में यहां लोगों का आना-जाना लगा रहता है। इस परिसर में कई तरह के प्रतिष्ठान संचालित हैं, जिसके कर्मचारी से लेकर ग्राहक तक की गाड़ियों के पार्क ▶▶|शेष पेज 13 पर









# दक्षिण-पूर्व की हवा से बन रहे बादल रात-दिन के पारा में 12 डिग्री का अंतर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- दिन में असहज सा हुआ मौसम देर रात के बाद हल्की ठंड

राज्य में दक्षिण-पूर्व से आने वाली हवा के प्रभाव से बादल बन रहे हैं। इसकी वजह से दिन का पारा चढ़ नहीं रहा है, तो रात के तापमान में गिरावट नहीं हो रही है। शहर में रात और दिन के तापमान में 12 डिग्री सेल्सियस का अंतर है। अभी दिन में मौसम असहज महसूस हो रहा है और देर रात के बाद हल्की ठंड महसूस हो रही है।

मौसम विज्ञान केंद्र के विशेषज्ञों के अनुसार अगले दो दिन तक मौसम में बड़ा बदलाव होने की उम्मीद नहीं है। इसके बाद हवा की दिशा बदलने से रात के तापमान में कमी आने और ठंड का प्रभाव बढ़ने की उम्मीद है। अभी छाने वाले बादल दिन के मौसम को असहज कर रहे हैं। बादल की वजह से तापमान में कमी जरूर आई है, मगर उमस और चिपचिपी गर्मी परेशानी का कारण बनी हुई है। रात में छाए बादल तापमान में बहुत अधिक गिरने नहीं दे रहे हैं, जिसके कारण शहर में सुबह-सुबह हल्की ठंड का अहसास हो रहा है। पिछले चौबीस घंटे में शहर में रात का तापमान 20.2 डिग्री दर्ज किया गया, जो सामान्य से 1.6 डिग्री अधिक था वहीं दिन का पारा 32.6 था जो सामान्य से 1.8 डिग्री अधिक रिकार्ड किया गया। बादलों के प्रभाव से बलरामपुर सहित उत्तरी हिस्से में ठंड कम हो गई है, उस इलाके में कुछ दिन पहले तक ठंड अच्छी असर महसूस हो रही थी।

## खबर संक्षेप



### नवनिर्मित शिवशक्ति बैडमिंटन अकादमी का किया शुभारंभ

**रायपुर।** शंकर नगर वीआईपी स्टेट के निकट नवनिर्मित शिवशक्ति बैडमिंटन अकादमी का भव्य उद्घाटन किया गया। यह कार्यक्रम संजय मिश्रा, विक्रम सिंह सिसोदिया और प्रसन्ना आर. के आतिथ्य में किया गया। शिवशक्ति बैडमिंटन एकेडमी के सहभागी शैलेंद्र कुमार यादव के आभार प्रदर्शन के बाद अतिथियों द्वारा फीता काटकर एवं बैडमिंटन खेलकर कोर्ट का शुभारंभ किया गया। पांच कोर्ट से युक्त शिवशक्ति बैडमिंटन अकादमी के मुख्य संचालक शक्ति श्री मिश्रा के गुरु रह चुके संजय मिश्रा ने अपने उद्घाटन उद्बोधन में खिलाड़ियों एवं उनके प्रशिक्षकों को कठोर परिश्रम के लिए प्रेरित किया। साथ ही एक मार्गदर्शक की भांति खेल की सफलता से जुड़े कई आवश्यक बिंदुओं पर सभी का मार्गदर्शन कर सफलता का मूलमंत्र दिया। वहीं विक्रम सिंह सिसोदिया, जो निरंतर खेल जगत को बढ़ावा देने के लिए समर्पित भाव से प्रयासरत एवं क्रियाशील रहे हैं, ने भी बैडमिंटन के क्षेत्र से जुड़े खिलाड़ियों, अभिभावकों एवं प्रशिक्षकों को उनके अथक व समन्वित प्रयास के लिए प्रोत्साहित एवं प्रेरित किया। साथ ही उनकी अग्रिम सफलता के लिए उन्हें शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम में शहर के कई विभूतियों की उपस्थिति रही।

### गुजराती शाला में सामान्य सभा की वार्षिक बैठक आज

**रायपुर।** गुजराती शाला देवेंद्र नगर स्थित ज्ञानोदय भवन में 10 नवंबर को गुजराती शिक्षण संघ की सामान्य सभा की वार्षिक बैठक होगी। बैठक सुबह 9 बजे प्रारंभ होगी। संघ के सचिव दिनेश पटेल ने यह जानकारी देते हुए बताया कि इस बैठक में संघ के सदस्य बड़ी संख्या में शामिल होंगे।

### छग सिंधी पंचायत की प्रदेश कार्यकारिणी की बैठक 17 को



**रायपुर।** श्याम नगर स्थित श्री झूलेलाल धाम में 17 नवंबर को छत्तीसगढ़ सिंधी पंचायत की प्रदेश कार्यकारिणी की बैठक होगी। इसकी तैयारी के लिए छत्तीसगढ़ सिंधी पंचायत के प्रदेश कार्यालय में मुख्य पदाधिकारियों की शनिवार को एक बैठक हुई, जिसमें निर्णय लिया कि छत्तीसगढ़ सिंधी पंचायत की प्रदेश कार्यकारिणी, जिसमें छत्तीसगढ़ की सभी पंचायतें व उनके आजीवन सदस्य तथा वर्तमान कार्यकारिणी के रायपुर व पूरे प्रदेश के पदाधिकारियों को बुलाया जाएगा। साथ ही एक दिवसीय बैठक श्री झूलेलाल धाम श्याम नगर में रखी जाएगी, जहां पर विभिन्न सामाजिक मुद्दों पर चर्चा करके छत्तीसगढ़ सिंधी पंचायत की आगे की रणनीति तय की जाएगी कि समाज सेवा के क्षेत्र में किस तरह उन्हें आगे कदम बढ़ाना है व प्रदेश के सिंधी समाज के लिए कौन से कार्य हितकारी व कल्याणकारी हैं। उन कार्यों पर विचार-विमर्श कर आगे निर्णय लिया जाएगा। बैठक में महेश दरयानी, कैलाश बालानी, सुभाष बजाज, तनेश आहूजा, प्रहलाद शादीजा, मुरलीधर उदासी, विकास रुपरेला, अनिल लाहौरी, भावना कुकरेजा, हेमा अमेसर, अमर चंदनानी, रितेश वाधवा, महेश चंदवानी, सुरेश जसवानी, विनोद संतवानी, तनीषा नानजानी आदि उपस्थित थे।

### सिंधी साहिती बिरादरी मंडल ने मनाया गोपाष्टमी पर्व

**रायपुर।** सिंधी साहिती बिरादरी मंडल द्वारा शनिवार को गोपाष्टमी पर्व मनाया गया। इस अवसर पर मंडल के सदस्यों ने कई जगहों पर जाकर गाय माता को रोटी, चना, गुड़ खिलाकर आशीर्वाद लिया। साथ ही गाय और बछड़ों को तिलक लगाकर उन्हें हरा चारा भी खिलाया। सदस्यों ने बताया कि गोपाष्टमी एक महत्वपूर्ण हिंदू त्योहार है, जो मुख्य रूप से मथुरा और वृंदावन सहित सभी ब्रज क्षेत्रों में भक्तिभाव के साथ मनाया जाता है।

# रायपुर दक्षिण की चुनावी राजनीति पहुंची निजी हमलों तक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

रायपुर दक्षिण के उपचुनाव में राजनीति निजी हमलों तक पहुंच गई है। पहले भाजपा के प्रत्याशी सुनील सोनी का एक वीडियो वायरल हुआ। इसको लेकर भाजपा नेताओं ने कांग्रेस संचार विभाग के सुशील आनंद शुक्ला के खिलाफ थाने में एफआईआर भी दर्ज कराई। इसके बाद कांग्रेस प्रत्याशी आकाश शर्मा का एक वीडियो भाजपा ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर पोस्ट किया।

इसमें कांग्रेस प्रत्याशी पूरे छत्तीसगढ़ में आग लगाने की बात कह रहे हैं। इसी से जुड़ी एक और पोस्ट भाजपा ने शनिवार को भी अपने सोशल मीडिया फेसबुक अकाउंट पर पोस्ट की है। इसमें लिखा गया है, कांग्रेस के संस्कार में ही गुंडागर्दी रही है, रायपुर दक्षिण के कांग्रेस उम्मीदवार आकाश शर्मा चुनाव लड़ ही रहे हैं और अभी से छत्तीसगढ़ में आग लगा देने की धमकी देने लगे हैं।

रायपुर दक्षिण में 13 नवंबर को उपचुनाव होना है। यहां की सीट बृजमोहन अग्रवाल के सांसद बनने के बाद खाली हुई है। इस सीट से भाजपा ने सुनील सोनी को प्रत्याशी बनाया है। इसी के साथ कांग्रेस की तरफ से आकाश शर्मा प्रत्याशी बनाए गए हैं। एक तरफ जहां दोनों दल जीत के लिए अपनी पूरी ताकत झोंक रहे हैं, वहीं प्रत्याशियों पर निजी हमले भी किए जा रहे हैं।

## कांग्रेस और भाजपा प्रत्याशियों के वीडियो वायरल



### आकाश शर्मा का वीडियो वायरल

रायपुर दक्षिण से कांग्रेस प्रत्याशी आकाश शर्मा का एक वीडियो बृजमोहन अग्रवाल के समर्थकों ने इंस्टा आईडी से शेयर किया है। इसमें लिखा गया है कांग्रेसिया मन के चार चिन्हारी। चोरी, गुंडागर्दी, भ्रष्टाचार अऊ रंगदारी। वायरल वीडियो में आकाश शर्मा कह रहे हैं कि प्रदेशभर में आग लगा दूंगा। साथ ही कांग्रेस नेता भल्ला को चोर बता रहे हैं। इस वीडियो को भाजपा ने भी अपने सोशल मीडिया अकाउंट में शेयर करते हुए लिखा - राहुल गांधी आपके तथाकथित मोहब्बत की दुकान का एक सेल्समैन पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश में आग लगाने की बात कह रहा है। पूर्ववर्ती भूपेश बघेल सरकार द्वारा पोषित-पल्लवित गुंडागर्दी अब अपने विकराल रूप में आ गई है।



### सुनील सोनी का वीडियो वायरल

इसके पहले कांग्रेस ने भाजपा प्रत्याशी सुनील सोनी का एक वीडियो वायरल किया गया था, जिनमें उनको एक मुस्लिम मौलाना का गाल चुमते हुए दिखाया गया है। इसको लेकर खूब राजनीति हुई। इस वीडियो को भाजपा ने फेक बताया और इस मामले में भाजपा ने कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला के खिलाफ थाने में एफआईआर भी दर्ज कराई। इसके बाद कांग्रेस उन मौलाना को सामने लेकर आई और मौलाना ने बताया कि वे सुनील सोनी को जानते हैं और एक बार उनसे मुलाकात हुई थी तो उन्होंने मेरा माथा चुमा था, लेकिन बाद में मौलाना उस बात से मुकर गए थे।

# कांग्रेस ने झोंकी ताकत, भूपेश महंत और सिंहदेव प्रचार में उतरे

**भाजपा सरकार में केवल लूट और कमीशनखोरी : भूपेश बघेल**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

रायपुर दक्षिण विधानसभा चुनाव में कांग्रेस के बड़े नेताओं ने ताकत झोंक दी है। शनिवार को पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, नेता प्रतिपक्ष चरणदास महंत और पूर्व उप मुख्यमंत्री टीएस सिंहदेव ने अलग-अलग वार्डों में चुनाव प्रचार किया। इस दौरान पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने चार सभाएं लीं। उन्होंने कहा, यह उपचुनाव बृजमोहन अग्रवाल के इस्तीफा देने के कारण हो रहा है। पहले वह भारतीय जनता पार्टी के मंत्री थे और भाजपा को बर्दाश्त नहीं हुआ, तो मंत्री पद से हटा के लोकसभा का टिकट दे दिया और वह मंत्री पद से भी इस्तीफा नहीं देना चाहते थे, लेकिन भाजपा में अंदरूनी लड़ाई चल रही है, जिसके कारण वह मजबूरी में बृजमोहन अग्रवाल को इस्तीफा देना पड़ा। दक्षिण विधानसभा की सीट खाली हुई और वहां फिर से उपचुनाव हो रहा है।

भाजपा के बहुत से नेता टिकट मांग कर रहे थे। सबको दरकिनार कर जो सबसे निष्क्रिय, जो कभी महापौर, कभी सांसद के लिये फिट कर देते हैं। जो कोई काम का नहीं है उनको प्रत्याशी बनाकर भारतीय जनता पार्टी ने भेज दिया है। जब वह सांसद थे तब एक भी पैसा का काम नहीं किया और जब वे महापौर थे तब भी कोई उपलब्धि नहीं रही। जो हाल प्रत्याशी के हैं, वैसा हाल अभी सरकार का भी है। विष्णुदेव सरकार में पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार में जितनी भी योजना शुरू किये थे उन सभी योजनाओं को बंद कर रहे हैं।







### चुनाव के बाद 5 किलो चावल मिलेगा

छत्तीसगढ़ का मान बढ़ाने का काम पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार में हुआ। वर्तमान में राशन कार्ड जो मिल रहा है, उसमें पांच किलो लिखा है, जो चुनाव की वजह से 35 किलो दे रहे हैं और यह नगरीय निकाय और पंचायती राज चुनाव तक रहेगा। उसके बाद जो कार्ड में छपा पांच किलो उतना ही चावल दिया जायेगा। भाजपा महतारी योजना के बात करती है, जिसमें से कुछ को पैसा मिल रहा है और कुछ को पैसा नहीं मिल रहा है।

### भाजपा सरकार में केवल लूट मची

उन्होंने कहा, भाजपा के सरकार में केवल लूट मचा है और कमीशनखोरी में भाजपा की सरकार लगी हुयी है। आज छत्तीसगढ़ में कोई सुरक्षित नहीं है राजधानी रायपुर में ऐसा कोई भी दिन नहीं है जिसमें चोरी, हत्या, डकैती और चाकू बाजी न हो। आज पूरे प्रदेश में कानून व्यवस्था तार-तार हो गया है।

### सिंहदेव भी मैदान पर उतरे

पूर्व उपमुख्यमंत्री टीएस सिंहदेव ने दक्षिण विधानसभा के पं सुंदरलाल शर्मा, महंत लक्ष्मीनारायण दास और स्वामी विवेकानंद सदर बाजार वार्ड में जनसंपर्क किया।

### महंत ने किया जनसंपर्क

नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत ने रायपुर दक्षिण विधानसभा उपचुनाव में जनसम्पर्क किया। जिसमें टिकरापारा के मोरेश्वर राव गद्रे वार्ड, सुंदर नगर के पंडित सुंदर लाल शर्मा वार्ड, बैरनबाजार के पंडित भगवती चरण शुक्ल वार्ड में जनसंपर्क कर कांग्रेसियों से भेंट एवं सामाजिक बैठक किया। उन्होंने कहा, कांग्रेस प्रत्याशी जनता की आकांक्षाओं पर खरा उतरेंगे। जब से भाजपा की सरकार आई है लूट-खसोट, हत्या, बलात्कार, दंगा जैसे अनेको काम शुरू हो गया है। प्रदेश की रोज-रोज घट रही आपराधिक घटनाओं उन घटनाओं के बाद जनता की प्रतिक्रिया यह बताने के लिये पर्याप्त है। प्रदेश में अराजकता का माहौल है।

## बृजमोहन-मूणत का रोड शो



*रायपुर के सांसद बृजमोहन अग्रवाल तथा विधायक एवं पूर्व मंत्री राजेश मूणत के नेतृत्व में रायपुर दक्षिण में रोड शो में जनसैलाब उमड़ा। रोड शो में सैकड़ों की संख्या में मातृशक्ति, भाजपा कार्यकर्ता, और आम जनता ने हिस्सा लिया और भाजपा के प्रत्याशी सुनील सोनी को विजयी बनाने का संकल्प लिया। रैली पश्चात श्री अग्रवाल ने कहा, रायपुर दक्षिण चुनाव के अंतिम चरण में भारतीय जनता पार्टी अब माइक्रो मैनेजमेंट के द्वारा मतदाताओं से संपर्क साध रही है। उन्होंने कहा, मंत्री, विधायक और कार्यकर्ता घर-घर पहुंच रहे हैं और वहां पहुंचकर भाजपा की व्यक्ति मूलक योजनाएं जिससे आम व्यक्ति के जीवन स्तर में वृद्धि हुई है की जानकारी लेकर हितग्राहियों से मिल रहे हैं। श्री अग्रवाल ने कहा, रायपुर दक्षिण में एक भी ऐसा घर नहीं है जिसे भारतीय जनता पार्टी शासन में लागू योजना का लाभ न मिल रहा हो। उन्होंने कहा, मंत्री श्री श्याम बिहारी जायसवाल, अजय चंद्राकर पूरे विधानसभा क्षेत्र में, मंत्री टंकराम वर्मा, विधायक गुरु खुशवंत साहेब पुरानी बस्ती मंडल में, मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े, महिलाओं के बीच जाकर, मंत्री लखन देवांगन के साथ राजेश मूणत, मोतीलाल साहू, पुरंदर मिश्रा, सुशांत शुक्ला, अनुज शर्मा लाखे नगर मंडल के सुंदर नगर क्षेत्र में, गजेन्द्र यादव, ललित चंद्राकर, इंद्र कुमार साहू, रोहित साहू, पुन्नू लाल मोहले चांगोरभाता रायपुर क्षेत्र में, अमर अग्रवाल, धरमलाल कौशि, योगेश्वर राजू सिन्हा सिविल लाइन, सदर बाजार क्षेत्र में जनता से मिलकर योजनाओं के जानकारी दे रहे हैं।*

## महात्मा गांधी वार्ड में एक करोड़ से अधिक के विकास कार्यों का भूमिपूजन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

रायपुर उत्तर विधायक पुरंदर मिश्रा ने जोन 3 के महात्मा गांधी वार्ड में जोन अध्यक्ष एवं पार्षद डॉक्टर प्रमोद साहू के साथ विकास कार्यो का भूमिपूजन किया। 1 करोड़ से अधिक के स्वीकृत कार्यो में नई सीसी रोड, नाली, पुलिया निर्माण, 2 स्कूलों में रंगरोगन एवं मरम्मत का कार्य शामिल है।

नगर निगम जोन 3 क्षेत्र स्थित महात्मा गांधी वार्ड में लोगों के सुगम आवागमन के लिए नई सीसी रोड बनाई जाएगी। गंदे पानी के निकास के लिए नाली व पुलिया निर्माण कराया जाएगा। इसी तरह पंडरी तराई में फिरतूराम वर्मा शासकीय मिडिल स्कूल एवं लोधीपारा के नेताजी सुभाषचंद्र बोस स्कूल में मरम्मत एवं रंगरोगन के कार्य जल्द शुरू होंगे। नए विकास कार्यो का भूमिपूजन शनिवार को रायपुर उत्तर विधायक पुरंदर मिश्रा ने वार्ड पार्षद डॉ. प्रमोद साहू के साथ मिलकर किया। भूमिपूजन कार्यक्रम में जोन 3 कमिश्नर विवेकानंद दुबे, कार्यपालन अभियंता ईश्वर टावरे, उप अभियंता नरेश कुमार साहू सहित गणमान्यजन उपस्थित रहे।

# सीएम का कल रायपुर दक्षिण में बड़ा रोड शो

**मंत्री, सांसद, विधायकों का रहेगा जमावड़ा**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

रायपुर दक्षिण के उपचुनाव में भाजपा ने पूरी ताकत झोंक दी है। चुनाव प्रचार थमने के पहले सोमवार को दोपहर दो बजे से



मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का रोड शो होगा। इसमें प्रदेश के करीब आधा दर्जन मंत्री, रायपुर के सांसद बृजमोहन अग्रवाल के साथ रायपुर जिले के सभी विधायकों के साथ प्रदेश के करीब एक दर्जन विधायक शामिल होंगे। इसी के साथ भाजपा के कई पदाधिकारी भी रहेंगे। रायपुर दक्षिण का चुनाव भाजपा के लिए बड़ी प्रतिष्ठा की बात है। अब तक बृजमोहन अग्रवाल के कारण यह विधानसभा भाजपा का गढ़ रही है। पहली बार बृजमोहन अग्रवाल के स्थान पर कोई और भाजपा का प्रत्याशी मैदान में है। ऐसे में भाजपा ने चुनाव जीतने के लिए पूरी ताकत लगा दी है। लगातार प्रदेश के कई मंत्रियों के साथ डेढ़ दर्जन विधायक लगातार प्रचार में लगे हैं।

### बड़ा शक्ति प्रदर्शन

चुनाव प्रचार थमने के पहले भाजपा ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का बड़ा रोड शो करके बड़ा शक्ति प्रदर्शन करने की तैयारी की है। इसमें प्रदेश के मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल, टंकराम वर्मा, लखनलाल देवांगन, दयालदास बघेल, लक्ष्मी राजवाडे रहेंगे। इसी के साथ रायपुर के सांसद बृजमोहन अग्रवाल, भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष और विधायक किरण देव, विधायकों में राजेश मूणत, अजय चंद्राकर, धरमलाल कौशिक, मोतीलाल साहू, पुरंदर मिश्रा, सुशांत शुक्ला, अनुज शर्मा, गुरु खुशवंत साहेब, गजेन्द्र यादव, ललित चंद्राकर, इंद्र कुमार साहू, रोहित साहू, पुन्नू लाल मोहले, अमर अग्रवाल, योगेश्वर राजू सिन्हा रोड शो में रहेंगे।

**ड्रिंक एंड ड्राइव**

# एनएसयूआई ने प्रदेश सचिव को हटाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



ड्रिंक एंड ड्राइव मामले में एनएसयूआई ने अपने प्रदेश सचिव को पद से हटा दिया है। इस संदर्भ में शनिवार को संगठनात्मक आदेश भी जारी कर दिया गया है। भिलाई निवासी केतन तिवारी एनएसयूआई के प्रदेश सचिव पद पर पदस्थ थे। बीते दिनों राजधानी के आजाद चौक थाने के अंतर्गत ब्राह्मणपारा में दुर्ग जिले की पासिंग तेज रफ्तार स्कॉर्पियो सड़क किनारे खड़ी कई गाड़ियों को रौंदते हुए बिजली के ट्रांसफार्मर से टकरा गई थी। इस गाड़ी को नेहरू नगर भिलाई निवासी केतन तिवारी चला रहा था। जांच में सामने आया कि केतन गाड़ी चलाने के दौरान नशे की हालत में था। पुलिस मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई कर रही है। मामले की गंभीरता को देखते हुए एनएसयूआई ने बड़ी कार्रवाई करते हुए केतन को पद से हटा दिया है।

### माहभर में दूसरा मामला

एनएसयूआई द्वारा अपने पदाधिकारियों पर कार्रवाई किए जाने का यह पहला मामला नहीं है। इसके पूर्व सूरजपुर हत्याकांड में नाम सामने आने पर चंद्रकांत चौधरी को सूरजपुर जिलाध्यक्ष के पद से हटा दिया गया था। उस वक्त भी पूरे मामले पर एनएसयूआई की जमकर फजीहत हुई थी। एनएसयूआई छत्तीसगढ़ के प्रभारी आकाश चौधरी के आदेश पर चंद्राकांत चौधरी को पद से हटाया गया था। केतन तिवारी को भी छग प्रभारी ने आदेश जारी कर हटा दिया है।

# विशेषज्ञों ने बताई सड़क निर्माण एवं रखरखाव की तकनीक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राजधानी रायपुर स्थित साइंस कॉलेज ग्राउण्ड पर आयोजित इंडियन रोड कांग्रेस के 83वें वार्षिक अधिवेशन के दूसरे दिन केन्द्रीय राज्यमंत्री सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय अजय टम्टा ने नवीन तकनीकी उपकरणों की प्रदर्शनी का अवलोकन किया। अधिवेशन में देश के विभिन्न राज्यों से आये केन्द्रीय एवं राज्य सरकार के निर्माण विभागों के अभियंताओं एवं विशेषज्ञों ने नवाचार तकनीकों का प्रयोग करते हुए सड़क निर्माण एवं उनके रखरखाव के उपायों के बारे में जानकारी दी।

अधिवेशन के दूसरे दिन के तकनीकी सत्र में शिक्षाविदों, सलाहकारों एवं निर्माणकर्ताओं द्वारा सड़क निर्माण में उपयोग आने वाली नवीन उपकरण, मशीनरी, सामग्री और सॉफ्टवेयर के विषय में विस्तृत रूप से जानकारी दी। प्रथम तकनीकी सत्र में आईआईटी रूढ़की से आए रिसर्च स्कॉलर प्रीति राय, प्रोफेसर डॉ. प्रवीण कुमार और डॉ. निखिल साबू ने अपना प्रेजेन्टेशन दिया। अधिवेशन में आमंत्रित शिक्षाविदों, सलाहकारों, निर्माणकर्ताओं एवं रिचर्स स्कॉलर्स ने सड़क निर्माण एवं संधारण के संबंध में अपना-अपना वक्तव्य दिया।




### हरित प्रौद्योगिकी से रोडमैप बनाने पर चर्चा

*उल्लेखनीय है कि अधिवेशन में राजमार्ग अनुसंधान बोर्ड (एचआरबी) की 84वीं बैठक हुई, जिसमें एचआरबी के अध्यक्ष एवं निदेशक एवं विशेष सचिव सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय भारत सरकार डी. सारंगी, आईआरसी के महासचिव एसके निर्मल एवं केंद्रीय सरकार, राज्य सरकारें, अनुसंधान संस्थान, शैक्षणिक संस्थान, आईआईटी और निजी क्षेत्र के प्रतिनिधि शामिल थे। बैठक में सड़क अनुसंधान, विकास और अत्याधुनिक हरित प्रौद्योगिकी पहल की दिशा में रोडमैप बनाने के संबंध में चर्चा की गई।*

**जनता चुनाव में जवाब देने तैयार : बैज**

# कांग्रेस ने लगाया आरोप- भाजपा बांट रही कमल छाप ताश की गड्डी, अवैध सट्टा कारोबार चला रही

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कमल छाप ताश पत्ती दिखाते हुए भाजपा पर रायपुर दक्षिण में चुनाव सामग्री के रूप में बांटने और भाजपा पर अवैध सट्टा कारोबार चलाने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा, भाजपा की यह प्रचार सामग्री है, जो एक-एक युवा के घर में बंट रही है। प्रदेश में अपराध और अपराधियों का मनोबल चरम पर है। गली-गली शराब बिक रही है, सूखे नशे की चपेट में युवा हैं और अब प्रचार सामग्री के रूप में में भाजपा जुआ खेलने के लिए ताश बांट



रही है। उन्होंने कहा कि अवैध सट्टा का कारोबार चलाने का ठेका भाजपा ने ले लिया है और युवाओं को चुनाव के लाभ के लिए सटोरी बनाने की तैयारी है। दक्षिण के मतदाता समझ रहे हैं कि उन्हें अपने बच्चों का भविष्य कैसे बनाना है और चुनाव में जवाब देने को तैयार हैं।

उन्होंने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, पर्व उपमुख्यमंत्री टीएस सिंहदेव और नेता प्रतिपक्ष चरणदास महंत समेत सभी वरिष्ठ नेता और एक-एक कार्यकर्ता रायपुर दक्षिण में जमीनी स्तर पर कार्य कर रहे हैं। बीजेपी के सभी कार्यकर्ता अभी भी दिवाली ही मना रहे हैं। इसके साथ उन्होंने हार के डर से भाजपा पर लोगों को प्रलोभन देने का आरोप भी लगाया।

### एनकाउंटर को लेकर सवाल

दुर्ग में अपराधी के एनकाउटर को लेकर सवाल खड़े करते हुए उन्होंने सरकार पर पाप धोने और असफलताओं को छुपाने के लिए ये छोटे एनकाउंटर करने का भी आरोप लगाया है। उन्होंने पुलिस को बधाई भी दी है, लेकिन यह भी कहा, एक एनकाउंटर करने से पुलिस और सरकार को कौन सी बड़ी सफलता मिल गई है।

### अपने लोगों को बचाने पुलिस पर कार्रवाई

उन्होंने पलारी में पुलिस पर कार्रवाई को लेकर भी निशाना साधते हुए कहा कि दारू पीकर सड़क पर नाचते नगर पंचायत अध्यक्ष पर कार्रवाई के बजाय सरकार पुलिस पर कार्रवाई कर रही। उन्होंने टीआई के सतनामी समाज से होने के कारण निलंबित करने पर भी सरकार से सवाल किया है और अपने लोगों को बचाने के लिए पुलिस पर कार्रवाई करने का आरोप लगाया है।

# शिवरतन बोले-विकसित और सुंदर राजधानी भाजपा की देन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

रायपुर दक्षिण उपचुनाव प्रभारी और पूर्व विधायक शिवरतन शर्मा ने कांग्रेस के आरोपों पर पलटवार करते हुए कहा, आज की विकसित और सुंदर राजधानी रायपुर भारतीय जनता पार्टी की मेहनत और दृष्टिकोण का परिणाम है। भाजपा के डॉ रमन सिंह, बृजमोहन अग्रवाल, राजेश मूणत के नेतृत्व में प्रत्याशी सुनील सोनी के महापौर और सांसद कार्यकाल के दौरान रायपुर को एक आदर्श और विकसित शहर बनाया गया है।



श्री शर्मा ने कहा, कांग्रेस नेताओं की आंखों पर घोटाले और भ्रष्टाचार का पर्दा चढ़ा हुआ है, जिस कारण उन्हें विकास कार्य दिखाई नहीं देते। उन्होंने कहा, इसी वजह से जनता ने कांग्रेस को सत्ता से बाहर कर दिया।

रायपुर सांसद एवं रायपुर दक्षिण से 8 बार विधायक रहे पूर्व मंत्री बृजमोहन अग्रवाल तथा महापौर और सांसद रहते हुए सुनील सोनी ने मिलकर रायपुर के विकास में महत्वपूर्ण योगदान दिया। उनके कार्यकाल में रायपुर में बुनियादी ढांचे के विकास, यातायात प्रबंधन, स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार, और स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट्स जैसे कई पहलुओं पर कार्य हुआ है। उनके नेतृत्व में रायपुर ने एक आधुनिक और व्यवस्थित शहर के रूप में अपनी पहचान बनाई है।

## खबर संक्षेप



### मनोज बने छग लेखा सेवा संवर्ग संघ के प्रांताध्यक्ष

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ अधीनस्थ लेखा सेवा संवर्ग संघ के प्रांताध्यक्ष के चयन के लिए संगठन के चुनाव अधिकारी पुष्पेंद्र चंद्रा द्वारा गुरुवार को रायपुर में चुनाव संपन्न कराया गया, जिसमें संगठन के निर्वाचन के बाद मनोज वैष्णव को छत्तीसगढ़ लेखा सेवा संवर्ग संघ का प्रांताध्यक्ष चुना गया। प्रांताध्यक्ष का कार्यकाल तीन वर्ष का होता है। श्री वैष्णव वर्तमान में ऑडिट सेल, संचालनालय कोष एवं लेखा, इंद्रावती भवन नवा रायपुर में पदस्थ हैं और 2017 बैच के हैं। छत्तीसगढ़ प्रदेश से अधीनस्थ लेखा सेवा अधिकारियों द्वारा निर्वाचन के माध्यम से उन्हें चुना गया। श्री वैष्णव ने संगठन के निर्वाचन में पधारे समस्त संवर्ग के अधिकारियों का आभार व्यक्त किया।

### स्कूटी-ई-रिक्शा को आग लगाने वाला गिरफ्तार

**रायपुर।** मौदहापारा पुलिस ने स्कूटी एवं ई-रिक्शा को आग लगाने वाले आरोपी को गिरफ्तार किया है। घटना 7 नवंबर की रात करीब 10 बजे की है। प्रार्थिया सावित्री रगड़े ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि आरोपी बाबूलाल पाटले निवासी जोरापारा ने उसके घर के पास आकर उसकी बेटी से झगड़ा करते हुए चाकू दिखाकर जान से मारने की धमकी दी। इसके बाद वह चला गया, लेकिन रात को वह वापस आकर उसके घर के सामने खड़ी स्कूटी और ई-रिक्शा को आग लगा दिया। पुलिस ने इस मामले में आरोपी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से बटनदार चाकू बरामद किया तथा उसे कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया है।



### बसंती को पीएचडी

**रायपुर।** पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय ने बसंती सेनापति को पीएचडी की उपाधि प्रदान की है। उनके शोध का विषय नासिरा शर्मा के उपन्यासों में अभिव्यक्त समसामयिक समस्याएं रहा। उन्होंने अपना शोधकार्य शासकीय पीपी कॉलेज कुरुद के पर्यवेक्षक डॉ. प्रभात रंजन के मार्गदर्शन में पूरा किया।



## निधन

### लेखराम चंद्राकर

**रायपुर।** बुढ़ापारा निवासी लेखराम चंद्राकर (83) का 9 नवंबर को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार मारवाड़ी श्मशानघाट में किया गया। वे नवीन चंद्राकर के पिता और अक्षत चंद्राकर के दादा थे।



### सातों बाई निर्मलकर

**रायपुर।** दलदल सिवनी निवासी सातों बाई निर्मलकर का 9 नवंबर का निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 10 नवंबर को दलदल सिवनी मुक्तिधाम में किया जाएगा। वे गजलाल, गंगाधर, नरेश, पत्रकार अशोक निर्मलकर की माता थीं।



# बस से जल्दी लोकल ट्रेन 37 मिनट में पहुंचेगी नया रायपुर, अभनपुर में लगेगा एक घंटा 10 मिनट का समय

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

**खास खबर**

रायपुर से अभनपुर के बीच लोकल मेमू ट्रेन चलाने की तैयारी रेलवे ने लगभग पूरी कर ली है। रेलवे ने दो मेमू ट्रेन की समय सारणी भी जारी कर दी है, जिसके मुताबिक रायपुर से अभनपुर का सफर ट्रेन में एक घंटा 10 मिनट का होगा। वहीं सीबीडी स्टेशन यानी नया रायपुर पहुंचने में केवल 37 मिनट लगेगा। शहर से सिटी बस के जरिए नया रायपुर पहुंचने में 40 मिनट से अधिक का समय लग जाता है। ट्रेन से यात्रियों का समय और पैसा दोनों बचेगा।

बता दें कि राज्योत्सव में ट्रेन का परिचालन शुरू करने की तैयारी थी, लेकिन जब रेलवे की टीम सीबीडी स्टेशन जांच करने पहुंची, तो उन्हें कुछ कमियां नजर आई। अब इसे सुधारने के लिए रेलवे ने एनआरडीए को कहा है। सीबीडी स्टेशन एनआरडीए ने बनाया है। यात्री सुविधा से जुड़ी तकनीकी दिक्कतें दूर होने के बाद इस महीने रेलवे परिचालन शुरू कर सकता है।

## रायपुर से अभनपुर लोकल मेमू ट्रेन की रेलवे ने जारी की समय सारणी

### आठ बोगी की चलेगी दो मेमू ट्रेन

समय सारणी के अनुसार ट्रेन रायपुर से सुबह 9:00 बजे रवाना होकर 9:37 मिनट पर अभनपुर पहुंचेगी। इस ट्रेन में आठ बोगी होंगी। ट्रेन रायपुर से छूटकर मंदिर हसौद, उद्योग नगर, सीबीडी स्टेशन नया रायपुर, केंद्री स्टेशन में ठहरने के बाद अभनपुर पहुंचेगी। इसके अलावा अभनपुर से रायपुर के लिए दिन की पहली ट्रेन सुबह 10:20 बजे मिलेगी, जो रायपुर 11:45 को पहुंच जाएगी। इसके बाद रायपुर से अभनपुर के लिए दूसरी ट्रेन 16:20 को रहेगी। वहीं अभनपुर से अंतिम ट्रेन रायपुर के लिए 18:10 को मिलेगी। बीच के स्टेशनों में 3 से 2 मिनट का ही स्टॉपेज रेलवे ने दिया है।



### स्टेशनों में भव्य स्वागत की तैयारी

8 साल के लंबे इंतजार के बाद रायपुर से अभनपुर के बीच फिर ट्रेन चलेगी। इन ट्रेनों का स्टेशनों में भव्य स्वागत किया जाएगा। रेलवे इसकी तैयारी कर रहा है। यात्रियों को भी ट्रेन में सफर करने का इंतजार है। बता दें कि अटल नगर, उद्योग नगर और मुक्तांगन स्टेशन का काम अभी अधूरा है। इन तीनों स्टेशनों का निर्माण पूरा होने के बाद ही इस रूट पर ट्रेन रुकने लगेगी। समय सारणी में इन स्टेशनों का समय निर्धारित हो गया है। फिलहाल यहां ट्रेन नहीं रुकेगी।

## आदिवासी कृतियों को अंधेरे का फायदा उठाते हुए उपद्रवी पहुंचा रहे नुकसान

# सुंदरता के लिए लगाई गई कलाकृतियां टूट फूट का शिकार, निगम सुध भी नहीं ले रहा

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

**हरिभूमि सरोकार**

सात साल में शहर की सड़कों को चमकाने के बाद सुंदरता के लिए लगवाई गई आदिवासी कला-कृतियों को सहेजने का कोई पुख्ता इंतजाम नहीं किया है। अंधेरे का फायदा उठाते हुए उपद्रवी खूबसूरती के लिए लगाई गई कृतियों को नुकसान पहुंचा रहे हैं। इनको संवारने पर स्मार्ट सिटी और निगम ने मिलकर करीब डेढ़ करोड़ रुपए खर्च किया है। मेंटेनेंस व मानीटरिंग में की जा रही लापरवाही के चलते करवाए गए काम उजाड़ का हिस्सा बन रहे हैं।

राजधानी के प्रमुख मार्गों के पास खूबसूरती बढ़ाने के लिए काम करवाने पर लाखों रुपए खर्च करने के बाद निगम सुध नहीं ले रहा हैं। इससे कई जगह लगवाई गई मूर्तियां बदहाल हो गई हैं। असामाजिक तत्वों द्वारा की गई तोड़-फोड़ के बाद ना तो सुधार करवाया जा रहा और ना ही जोन के पास मेंटेनेंस करवाने के लिए कोई एजेंसी है। जिस एजेंसी से जिम्मेदारों ने काम करवाया, उनकी मेंटेनेंस अवधि भी खत्म हो गई है। इससे चौराहों की सुंदरता के लिए करवाया गया काम उजाड़ का हिस्सा बना हुआ है। निगम और जोन के अधिकारी-कर्मचारी देखने बाद भी सुध नहीं ले रहे हैं। जिनको यह जिम्मेदारी दी गई है, उनके पास सुधार करवाने के लिए फंड और एजेंसी नहीं है।

### लाइटिंग और मूर्तियां भी गायब

कालीबाड़ी चौक पर इंदिरा गांधी की मूर्ति के सामने लाइटिंग करवाने और कला-कृतियां लगवाने पर 25 लाख से ज्यादा खर्च किया गया। लगाई गई कृतियां गायब और लाइटें भी बंद हैं। इसी तरह कलेक्टोरेट में टाउन हाल गेट के पास लगी आदिवासी नृत्य की झलक भी बाहर से नजर नहीं आती। यहां होर्डिंग्स बनने से टूटी-फूटी कृतियां उजाड़ का हिस्सा हैं।



**सिर्फ प्रस्ताव बनाकर भेज रहे :** सौंदर्यीकरण की देखभाल के लिए जिम्मेदारों ने कोई सिस्टम नहीं बनाया है। जोन आयुक्तों को इनकी देखभाल की जिम्मेदारी तो दी गई, लेकिन मेंटेनेंस के लिए समय पर फंड नहीं मिलता है। यहां दो बार मेंटेनेंस कराने के बाद भी कोई सुधार नहीं हो पाया है। जोन को जिम्मेदारी देने के बाद मुख्यालय के अधिकारी भी ध्यान नहीं दे रहे हैं। इससे मेंटेनेस की जरूरत पड़ने पर सिर्फ प्रस्ताव देने का काम जिम्मेदार कर रहे हैं इसलिए कला- कृतियां उपेक्षित हैं।





### संज्ञान में लिया जाएगा

शहर के कई चौक-चौराहों में सुंदरता के लिए करवाए गए निर्माण में संभावित काम करवाए गए हैं। इसके बाद भी जहां की समस्या बता रहे हैं, वहां अव्यवस्था की स्थिति है, तो उसे संज्ञान में लिया जाएगा।

*- अबिनाश मिश्रा, आयुक्त, नगर निगम, रायपुर*

### फौवारे का नोजल बोर्ड नदारद

शहीद विद्याचरण शुक्ल चौक पर लगाया गया बोर्ड नदारद है। यहां 75 लाख से ज्यादा खर्च करके सौंदर्यीकरण कराने के साथ फौवारा व लाइटिंग की गई थी। मौके पर लाइटिंग का नामों-निशान नहीं है। इसके लिए लगाए गए छोटे खंभे गायब हो गए हैं। जेएन पांडेय स्कूल की बाउंड्री के पास करवाया गया सौंदर्यीकरण भी अब देखने को नहीं मिलता है।

### मेंटेनेंस के बाद भी हाल-बेहाल

देवेन्द्र नगर चौक से केनाल रोड टर्निंग के पास भी 30 लाख से ज्यादा खर्च करके आदिवासी नृत्य की मनमोहक झलक भी उपद्रवी तत्वों ने तोड़ दिया है। यहां लगाई गई लाइटें भी गायब हो गई हैं। कला-कृतियों में किसी के हाथ, तो किसी के पैर को बनाने में उपयोग किया गया मटेरियल मेंटेनेंस के बाद भी सीमेंट गायब होने से उनका हाल बेहाल हो गया है।

# निर्माणाधीन बिल्डिंग में संदिग्ध परिस्थिति में मिली युवती की लाश

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर



- लाश एक सप्ताह से ज्यादा पुरानी बताई जा रही

राजेंद्र नगर थाना क्षेत्र में संदिग्ध परिस्थिति में एक युवती की लाश मिली है। युवती की उम्र 25 से 30 वर्ष के करीब है। मृतका की पहचान नहीं हो पाई है। पुलिस मृतका की शिनाख्त करने की कोशिश करने की बात कह रही है। युवती की लाश कलर्स माल स्थित एक निर्माणाधीन बिल्डिंग में मिली है।

शनिवार शाम को कलर्स मॉल के पास एक निर्माणाधीन बिल्डिंग में लाश मिलने की सूचना मिलने पर पुलिस तथा फोरेंसिंग एक्सपर्ट की टीम मौके पर पहुंची। पुलिस के अनुसार लाश पूरी तरह से सड़ चुकी है। इस वजह से युवती की पहचान करने में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। पुलिस युवती के कपड़ों की मदद से तथा आसपास के थानों में दर्ज गुम इंसान की मदद से युवती की पहचान करने की बात कह रही है। लाश की स्थिति को देखते हुए पुलिस युवती की हत्या करने की आशंका जता रही है।

गौरतलब है कि जिस जगह युवती की लाश मिली है, वहां भवन निर्माण का काम चल रहा है। ऐसे में वहां काम करने वाले मजदूरों को लाश होने की सूचना नहीं मिल पाना कैसे संभव है। तेज बदबू आने पर निर्माणाधीन भवन में लाश होने की पुलिस को जानकारी मिल पाई।

### पीएमश्री स्कूल में गढ़ा जा रहा छग का स्वर्णिम भविष्य

**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के मार्गदर्शन में राज्य में शिक्षा व्यवस्था को बेहतर बनाने तथा स्कूली बच्चों के समग्र विकास के प्रयास तेजी से किए जा रहे हैं। राज्य में पीएमश्री योजना के सफल क्रियान्वयन से राज्य के 341 स्कूलों में शिक्षा और अध्ययन-अध्यापन का माहौल बेहतर हो रहा है। पीएमश्री योजना में शामिल कई स्कूलों का न सिर्फ कायाकल्प हुआ है, बल्कि वहां अध्ययन-अध्यापन को लेकर बेहतर माहौल बना है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा शुरू की गई पीएमश्री योजना अंतर्गत स्कूली बच्चों के भविष्य को गढ़ने एवं तराशने का कार्य किया जा रहा है।

### हैंड बैग लूट मामले में तीन आरोपी गिरफ्तार

**रायपुर।** आजाद चौक पुलिस ने हैंड बैग लूट मामले में 3 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। घटना 6 नवंबर सुबह साढ़े 9 बजे की है। प्रार्थिया नीरा सोनी निवासी मोहबा बाजार ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि वह बैरन बाजार स्थित बाल गोपाल चिल्ड्रन हॉस्पिटल में नर्स है। घटना दिनांक को वह सुबह घर से हास्पिटल जाने निकली थी। मोहबा बाजार चौक पर जब वह एक ऑटो से उतरकर दूसरे ऑटो में बैठकर जा रही थी, तभी जीई रोड के पास बाइक सवार तीन अज्ञात लड़के उसका हैंड बैग छीनकर फरार हो गए थे। पुलिस ने इस मामले में जांच करते हुए तीनों आरोपियों विकास मरकाम निवासी कुकुरबेड़ा देवार बस्ती, सुंदरू देवार देवार बस्ती कुकुरबेड़ा एवं भूपेंद्र कुमार ध्रुव उर्फ बबलू 18 वर्ष निवासी रेलवे फाटक कोटा को गिरफ्तार किया है।



### मुख्यमंत्री साय ने दी आंवला नवमी की शुभकामनाएं

**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने प्रदेशवासियों को आंवला नवमी की बधाई और शुभकामनाएं दी है। उन्होंने कहा कि हिंदू धर्म में आंवला नवमी के दिन भगवान विष्णु और आंवले के पेड़ की पूजा की जाती है। इस दिन को अक्षय नवमी भी कहा जाता है। मान्यता है अक्षय नवमी के दिन किए जाने वाले पुण्यकार्य का अक्षय फल सभी को प्राप्त होता है और मां लक्ष्मी की कृपा होती है। मुख्यमंत्री श्री साय ने राज्य के सभी नागरिकों की सुख-समृद्धि बढ़े, यह कामना की।

## पेज 11 के शेष ...

### उपचुनाव में ऐसे...

लेते हुए स्थानीय रहवासियों से निर्दलीय प्रत्याशियों के प्रचार-प्रसार के बारे में जानकारी ली, तो पता चला कि लोगों को यह तक पता नहीं है कि उनके मोहल्ले या वार्ड से भी कोई निर्दलीय प्रत्याशी चुनाव लड़ रहा है। इसका कारण जब लोगों से पूछा गया, तो पता चला कि प्रत्याशी एक बार भी चुनाव प्रचार पर ही नहीं निकले हैं। उनके मोहल्ले व वार्ड में निर्दलीय प्रत्याशी का किसी भी जगह बैनर-पोस्टर तक टांगा या चस्पा नहीं किया गया है। यही कारण है कि मोहल्ले या वार्ड वासियों को यह जानकारी नहीं है कि कोई पुरुष या महिला निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में चुनाव लड़ रहे हैं।

### मालवीय रोड रविभवन...

में इसका निर्माण हुआ, तब पार्किंग के लिए 16,500 वर्गफीट जगह रखी गई थी। शहर का विस्तार होने के बाद यह जगह छोटी पड़ रही है। टू व्हीलर गाड़ियों की पार्किंग के लिए जगह ही नहीं बची। सूत्रों के मुताबिक जीई रोड में पहले 30 फीट के बाद रविभवन की पार्किंग शुरू होती थी, पर उस जगह को नाली चौड़ीकरण करने निगम ने दिया। इससे पार्किंग का काफी स्पेस प्रभावित हुआ है। रवि भवन व्यापारी संघ के अध्यक्ष रवि नानवानी ने बताया कि रविभवन में पार्किंग की समस्या को देखते हुए हमने भविष्य का प्लान ये किया है कि रविभवन परिसर को केवल दोपहिया गाड़ियों की पार्किंग के लिए सुरक्षित रखा जाए, जबकि चारपहिया गाड़ी की पार्किंग सिर्फ मल्टीलेवल पार्किंग में ही की जाए।

### कचहरी चौक कृष्णा...

करने सर्वसुविधा युक्त पार्किंग होना जरूरी है। जोन 2 का क्षेत्र होने के बाद भी निगम अमले ने कभी यहां आकर झांकने की कोशिश नहीं की, पार्किंग व्यवस्था की धरातल पर स्थिति क्या है? हालांकि परिसर से लगे छोटे से स्पेस में पार्किंग कराई जा रही है, जिसके लिए आगंतुकों से शुल्क लिया जा रहा है। यहां शेड तक की व्यवस्था नहीं है।

# एम्स सहित दूसरे राज्यों के छात्रों नहीं मिलेगी आरक्षित सीटें लेकिन यूआर कोटे के लिए पात्र

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

- सीजी डाक्टर फेडरेशन के सवाल पर स्वास्थ्य संचालनालय का जवाब

एम्स सहित दूसरे राज्यों के छात्रों को स्टेट कोटे से आरक्षित वर्ग की सीटों का आवंटन नहीं किया जाएगा, लेकिन वे यूआर कोटे की सीटों के लिए पात्र हो सकते हैं। यानी एम्स के अभ्यर्थी को सीट मिलने पर अनारक्षित वर्ग की सीटें कम हो जाएंगी।

एम्स के छात्रों को राज्य कोटे की एमडी-एमएस की सीट अलॉट किए जाने के विरोध के दौरान छत्तीसगढ़ डाक्टर फेडरेशन द्वारा चिकित्सा शिक्षा संचालनालय से इस मामले में कुछ जानकारी मांगी गई थी, जिस पर मिले जवाब के हिसाब से एम्स अथवा दूसरे राज्य के छात्र, जिन्होंने छत्तीसगढ़ से एमबीबीएस किया है, उसे अनारक्षित वर्ग की सीटों के लिए पात्र माना जाएगा। ऐसे छात्र राज्य कोटे की पचास फीसदी सीट पर एसटी, एससी, ओबीसी, ईडब्लूएस श्रेणी की सीटों के लिए पात्र नहीं होंगे। सूत्रों का कहना है कि इस हिसाब से एम्स के विद्यार्थी को अगर राज्य कोटे की सीट का आवंटन होता है, तो इसका सीधा नुकसान अनारक्षित वर्ग के विद्यार्थियों को उठाना पड़ेगा। चिकित्सक संगठन के अध्यक्ष डा. हीरा सिंह का कहना है कि इस मसले पर भी चिकित्सा शिक्षा के अधिकारियों के सामने अपना पक्ष रखा जाएगा, क्योंकि इसका सीधा नुकसान प्रदेश के विद्यार्थियों को उठाना पड़ेगा।





### राज्य की 281 सीटें

राज्य के नौ मेडिकल कालेज में राज्य कोटे की कुल 281 सीटें हैं। इनमें सबसे अधिक 72 सीट रायपुर के शासकीय मेडिकल कालेज में है। तीन निजी मेडिकल कालेज में भी राज्य और प्रबंधन कोटे की 160 और एनआरआई की 26 सीटों पर एडमिशन दिया जाएगा। पिछले साल शासकीय कालेजों में पीजी सीटों की संख्या बढ़ाई गई थी। वर्तमान में एमडी-एमएस की सीटों पर एडमिशन के लिए ऑनलाइन आवेदन का दौर चल रहा है, जिसकी अंतिम तारीख 12 नवंबर है। इसके बाद चिकित्सा शिक्षा संचालनालय द्वारा एडमिशन के लिए काउंसिलिंग शेड्यूल के हिसाब से एडमिशन की प्रक्रिया शुरू की जाएगी। राज्य में कोरोना महामारी के बाद से मेडिकल कालेजों की पीजी सीटों पर एडमिशन की तारीख में काफी विलंब होने लगा है।

**नाम परिवर्तन**

मैं, समीर चौधरी उम्र 61 वर्ष पिता बी.सी.चौधरी निवासी सेक्टर-2, दीनदयाल उपाध्याय नगर रायपुर छ.ग. निम्नलिखित कथन शपथ पूर्वक करता हूँ:-

1 यह कि, मैं वर्तमान में छ.ग. राज्य विद्युत वितरण कंपनी मर्यादित रायपुर के अंतर्गत लाईन असिस्टैण्ड ग्रेड-2 के रूप में E.E. (STM-CITY-I) DN. RAIPUR में पदस्थ हूँ।

2. यह कि, दिनांक- 13.03.1989 को विभाग में ज्वाईनिंग दिया गया जिस समय मेरे सेवा पुस्तिका तैयार किया गया जिसमें मेरा नाम समीर कुमार चौधरी (SAMEER KUMAR CHOUDHARY) अंकित कर दिया गया है।

3 यह कि, जबकि मेरे अन्य दस्तावेज जैसे कि आधार कार्ड एवं पेन कार्ड, तथा ड्रायविंग लायसेंस एवं बैंक पास बुक में मेरा नाम समीर चौधरी (SAMEER CHOUDHARY) अंकित है।

4. यह कि, इस प्रकार समीर कुमार चौधरी एवं समीर चौधरी दोनो नाम एक ही व्यक्ति अर्थात मेरे स्वयं के नाम है तथा मैं अब अपना सही एवं वास्तविक नाम समीर चौधरी (SAMEER CHOUDHARY) मेरे सेवा पुस्तिका में दर्ज किये जाने एवं लिखे, पढ़े, समझे तथा मान्य किये जाने हेतु उक्त कथनों के सत्यता में प्रस्तुत कर रहा हूँ।

**सत्यापनः-**

मैं, उपरोक्त शपथकर्ता यह सत्यापित करता हूँ कि, शपथ पत्र की कंडिका 01 से लेकर 04 की बाते सत्य एवं सही है।

06 NOV 2024 — शपथकर्ता समीर चौधरी

**// आम सूचना //**

(ग्राम- रसनी, प.ह.नं. 28, रा.नि.मं.- आरंग, तहसील-आरंग, जिला-रायपुर (छ.ग.) में स्थित खसरा क्र. 94 के संबंध में)

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने श्रीमति जयंति चंद्राकर पति श्री भुवनेश्वर चंद्राकर निवासी- रसनी, तहसील- आरंग जिला - रायपुर छ.ग. के स्वामित्व की ग्राम रसनी, प.ह.नं. 28, रा.नि.मं.- आरंग, तहसील- आरंग, जिला- रायपुर (छ.ग.) में स्थित कृषि भूमि खसरा क्र. 94 रकबा 0.200 हेक्ट. है को क्रय करने का पक्का सौदा कर लिया है। अब केवल रजिस्ट्री बयनामा की कार्यवाही शेष है।

अतः उपरोक्त सम्व्यवहार से जिस किसी व्यक्ति, संस्था, शासकीय एवं अर्द्धशासकीय निकाय, वित्तीय संस्थान, साहूकार, बैंक, कंपनी आदि को कोई आपत्ति हक या उजर हो तो इस आमसूचना के प्रकाशन तिथि से 07 (सात) दिनों के भीतर मुझे मेरे सेल फोन पर अथवा ई-मेल द्वारा के अलावा मेरे कार्यालय में मय दस्तावेज प्रत्यक्ष रूप से अपनी लिखित आपत्ति प्रस्तुत कर, पावती लेवे। समयावधि पश्चात की गई किसी भी प्रकार की उजर या आपत्ति मेरे पक्षकार पर बंधनकारी नही होगी तथा वह अवैध एवं शून्य समझी जायेगी और मेरे पक्षकार के पक्ष में बैनामा पंजीयन का निष्पादन करा लिया जायेगा। सो सूचना जाने।

स्थानः- रायपुर
दिनांकः 08.11.2024

PRASHANT JAIN
Advocate
LIC No. 118/2017/ADV
Mob. 9827976986

**न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार अभनपुर**
**उप तहसील खोरपा**
**मामले की श्रेणीः राजस्व**

संदर्भः जिला रायपुर तहसील-अभनपुर प.ह.न.- 00001 रवेली ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण क्रमांक- MD202425441627800003

**// ईश्तहार //**

तहसील अभनपुर के प.ह.न. 00001 के अंतर्गत ग्राम रवेली के वर्तमान भूमिस्वामी हेमंत साहू पिता/पति-टिल्लू साहू पता-रवेली, सुरेन्द्र साहू पिता/पति-टिल्लू साहू पता-रवेली, ईश्वरलाल पिता/पति-टिल्लू साहू पता-रवेली के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 998(0.1700), 999(0.1100), 962/2(0.3300), 975/1(0.4500), 976(0.4900), 996(0.2000), 975/2(0.5000), 962/1(1.1900), 1002/2 (0.2000) में प्रस्तावित भूमिस्वामी /क्रेता सुरेन्द्र साहू पिता/पति-टिल्लू साहू पता-रवेली, हेमंत साहू पिता/पति-टिल्लू साहू पता-रवेली, ईश्वरलाल पिता/पति-टिल्लू साहू पता-रवेली के नाम पर पंजीयन/फ़ौती होने के उपरांत नामांतरण / अभिलेख दुरुस्ती / खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 25/11/2024 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार अभनपुर उप तहसील खोरपा पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो इश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पूर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं / अधिवक्ता / आममुख्त्यार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 08/11/2024 को जारी किया जाता है।

मुहर
अतिरिक्त तहसीलदार
RAMMOORTHYDIWAN
उप तहसील खोरपा

### जनजातीय गौरव दिवस मनाने की तैयारी

**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के मार्गदर्शन में साइंस कॉलेज मैदान में 14 एवं 15 नवंबर को जनजातीय गौरव दिवस के राज्य स्तरीय आयोजन को लेकर भव्य तैयारियां की जा रही हैं। साइंस कॉलेज मैदान में जनजातीय गौरव दिवस के दौरान 14 एवं 15 नवंबर को पूर्वान्ह 11 बजे से लेकर रात्रि 8 बजे तक जनजातीय गौरव पर आधारित विविध कार्यक्रमों का आयोजन होगा, जिसमें विषय विशेषज्ञ सहित कई राज्यों के आदिवासी कलाकार, आदिवासी कला संस्कृति के मर्मज्ञ शामिल होंगे। दो दिवसीय राज्य स्तरीय जनजातीय गौरव दिवस के आयोजन को भव्य एवं यादगार बनाने के लिए आदिम जाति कल्याण विभाग द्वारा देश के विभिन्न राज्यों से आदिवासी नर्तक दलों एवं कलाकारों को विशेष रूप से आमंत्रित किया जा रहा है। अब तक 18 राज्यों के 22 आदिवासी नर्तक दलों ने इस दो दिवसीय आयोजन में शामिल होने के लिए अपनी सहमति दी है।

Health Town

K'sagar's श्रेयन आयुर्वेद व पंचकर्म चिकित्सालय
श्री श्रेयन आयुर्वेद
Panchkarma & Wellness Centre
(संतुलन से भरा आयुर्वेद, स्वथ्य जीवन का राज)
वैद्य- डॉ. पल्लवी क्षीरसागर
MD आयुर्वेद (पुणे)
Timing- (11-8) by Appointment
Mob: 9111922122, 9111912122, 0771-3558564
पता :- B-22, जगन्नाथ मंदिर के पीछे, गायत्री नगर, रायपुर (छ.ग.)



राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक चिकित्सा केन्द्र
(22 वर्षों से क्षेत्र में अनुभवी चिकित्सक)
न्यूरो-पंचकर्मा चिकित्सा केन्द्र, रायपुर मो. 9039050422, 91794 55561
• स्लीप डिस्क, आर्थराइटिस • Back Pain, सायटिका • जोड़ो में दर्द, मांसपेशियों में दर्द
• जकड़न (Stiffness) व नशों का दबना • टेंडन एवं लिगामेंट इंजरी • सर दर्द, पॅरालिसीस • स्पांडिलाइटिस • गठिया रोग
अशोक विहार, स्ट्रीट नंबर 5, सरस्वती दाल मिल के सामने, मंडी गेट के सामने, पंडरी रायपुर। मनसा चैम्बर्स, कल्याण हॉस्पिटल के पीछे, बिलासपुर रोड, फाफाडीह रायपुर।
डॉ. के.बी. श्रीनिवास राव
INTL Ayurvedic Consultant
राज्य अलंकरण अवार्ड से सम्मानित

Trust the Expert
DR. MANOJ AGARWALA'S SKIN & HAIR CLINIC
डॉ. मनोज अग्रवाला
एमडी (सीएमसी वेल्लोर)
(गोल्ड मेडलिस्ट)
स्किन क्लिनिक
सेवाएं: मुहांसे ❖ सोरायसिस ❖ स्किन एलर्जी ❖ पिगमेंटेशन
विटिलिगो/ ल्यूकोडरमा ❖ पीआरपी थेरेपी ❖ एलोपेसिया
अर्टीकेरिया ❖ फंगल इनफेक्शन ❖ टेली कंसलटेशन ❖ लेजर थेरेपी
चौबे कॉलोनी, रायपुर (छ.ग.)
0771-4003777, 77778-76292

विज्ञापन हेतु संपर्क करें: 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130



धान एवं बांस शिल्प से उजियार परिसर को सजाने के लिए युवा कलाकारों में खासा उत्साह रहा। इनके द्वारा तैयार किए गए ग्रामीण परिवेश को हर किसी ने महसूस किया। जैसे गांव में लोगों के घर पैरा और मिट्टी से बने होते हैं, वैसा ही मॉडल बनाया गया था। इसमें कई तरह के जरूरी सामान भी सजाए गए। वहीं दूसरी तरफ आयोजन के लिए सजाए गए मंच पर लोक गीत के साथ ही कविता का दौर चला। शाम 6 बजे से पंथी, कर्मा के साथ ही राउत नृत्य की झलक भी देखने को मिली। इसमें आस-पास के लोग भी शामिल हुए।

# शहर के बीच गांव का आभास... बांस शिल्प से सजाई गैलरी धान से बनाए पारंपरिक आभूषण, खपरैल वाले घरौंदा ने मोहा

## छत्तीसगढ़ी संस्कृति पर हावी होती अन्य संस्कृति के बीच भावी पीढ़ी को अपनी पहचान बताने अनूठी पहल

**रायपुर।** शहर के टिकरापारा स्थित श्री हरदेव लाला मंदिर परिसर में शनिवार को दिनभर उत्सव का माहौल रहा। ऐसा होना भी लाजिमी था, क्योंकि आयोजन ही कुछ खास था। हर साल की तरह इस बार भी 'उजियार : हमर चिन्हारी' की कड़ी में उजियार परिवार ने हर वर्ग को छत्तीसगढ़ की कला-संस्कृति, बोली और गीत-संगीत के साथ अपने कल्चर का एहसास कराने के लिए गरिमामय आयोजन किया। इसमें युवाओं का उत्साह भी देखने लायक था। उजियार परिवार के प्रांजल सिंह राजपूत, नितिश यादव और लोकेश साहू के आग्रह पर वरिष्ठ साहित्यकार सुशील भोले, कविता वासनिक सहित कई गीत-संगीत से जुड़े नामचीन हस्तियों ने इस आयोजन में शिरकत करते हुए लोक संस्कृति एवं कला से आयोजन में लोगों को जोड़ने की जिम्मेदारी निभाई। इससे सुबह से लेकर रात 10 बजे तक उत्सव का माहौल भी देखने को मिला।

### फ्लॉवर पॉट, चाबी रिंग, टेबल स्टैंड

आर्ट गैलरी में बांस आर्ट के हुनरमंद रामकुमार पटेल द्वारा तैयार किए गए फ्लावर पॉट, चाभी रिंग, टेबल स्टैंड और तुमा से तैयार किया गया लैम्प भी आकर्षण का केन्द्र था। इसका अवलोकन करने के लिए उजियार में शामिल सैकड़ों लोग पहुंचे। जिसने भी आर्ट गैलरी में सजाई गई आकर्षक कृतियों को देखा, उसने कलाकारों से मिलने के बाद इस आर्ट को सीखने के लिए जिज्ञासा व्यक्त की।



### प्रदर्शनी में हर चीज आकर्षक

चित्रकला प्रभारी गोपिया साहू के मार्गदर्शन में सजाई गई चित्रकला प्रदर्शनी में तीजनबाई से लेकर छत्तीसगढ़ महतारी तक की कई कलाकृतियों को पेंटिंग के रूप में सजाया गया था। कहीं लालटेन दिखाती महिला, तो कहीं नृत्य करती आदिवासी महिलाएं पेंटिंग में नजर आईं। आकर्षक प्रदर्शनी में गोंदना आर्ट की झलक भी यहां पहुंचे लोगों को भा रही थी। गोपिया ने बताया कि लालटेन के साथ कैनवास पर सजाई गई ग्रामीण महिला की तस्वीर को देखने के लिए आए अतिथि इसे खरीदने के लिए स्वीकृति देकर भी गए हैं।



### पैरा की मदद से तैयार किया गया घर



प्रवेश द्वार पर ही पैरा की मदद से तैयार किया गया घर हर किसी को पसंद आया। इसके सामने लालटेन, बैला गाड़ी, गोबर के उपले, घर में लगे लकड़ी के खिड़की दरवाजे भी ग्रामीण परिवेश की याद दिला रहे थे। छान्ही वाले घर की तर्ज पर झोपड़ी के सामने लोग फोटो खिंचवाने और सेल्फी लेने में व्यस्त नजर आए। आगे बढ़ने पर अतिथियों को चना के साथ लोटा में पानी देते हुए भावी पीढ़ी को घर में मेहमान आने पर छत्तीसगढ़ की संस्कृति के अनुरूप किस तरह से स्वागत किया जाता है, यह भी बताने का प्रयास किया।

### धान से बनी गई तरह की ज्वेलरी

चन्द्रकांत साहू ने धान का उपयोग करके कई तरह के आकर्षक रानी हार, लॉकेट, बाली, बैच सहित पोट्रेट भी तैयार किया था। इसे कैसे बना सकते हैं, इसके लिए किस तरह से सामग्री का समावेश किया जाना चाहिए, यह जानकारी उन्होंने उजियार हमर चिन्हारी में जिज्ञासा के साथ पहुंचे लोगों को भी दिया। कई युवाओं एवं युवतियों ने उनसे धान आर्ट का प्रशिक्षण लेने के लिए जानकारी ली। उन्होंने बताया कि यह आर्ट छत्तीसगढ़ी संस्कृति से जुड़ी धरोहर है, जो आदिवासी क्षेत्र में रहने वालों को अलग पहचान भी देती है।

---

**एजूकेशन अपडेट**

## अब सर्वश्रेष्ठ पीएचडी के लिए मिलेगा अवार्ड, विवि करेंगे चयन

**रायपुर।** विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) ने युवा शोधकर्ताओं को उनके क्षेत्र में अद्वितीय योगदान के लिए सम्मानित करने के उद्देश्य से 'पीएचडी उत्कृष्टता प्रशस्ति पत्र' की शुरुआत की है। यह पुरस्कार हर साल शोधकर्ताओं को दिया जाएगा। आयोग ने विश्वविद्यालयों से अपील की है कि वे इस कार्यक्रम के तहत शोधार्थियों को शॉर्टलिस्ट कर नामांकित करें और इस संबंध में सूचना प्रसारित करें। आवेदन प्रक्रिया 1 जनवरी, 2025 से शुरू होगी। पीएचडी छात्रों के लिए पात्रता मानदंड भी यूजीसी द्वारा निर्धारित किए गए हैं। इसके लिए जरूरी है कि संबंधित शोध प्रबंध का यूआरएल वेबसाइट पर अपलोड किया गया हो, शोधकार्य से महत्वपूर्ण प्रकाशन या पेटेंट हासिल किया हो, पीएचडी थीसिस यूजीसी द्वारा अधिसूचित पीएचडी डिग्री प्रदान करने के लिए न्यूनतम मानक और प्रक्रिया के तहत अनुमोदित हो।

ज्ञान-विज्ञान विमुक्तये
UGC - NET

### भारतीय भाषा में भी पीएचडी मान्य

इस पहल के तहत विभिन्न क्षेत्रों से शोध प्रस्तुत किए जाएंगे, जिनमें विज्ञान (कृषि विज्ञान, चिकित्सा विज्ञान सहित), इंजीनियरिंग, प्रौद्योगिकी, सामाजिक विज्ञान (शिक्षा और मानविकी सहित), भारतीय भाषाएं, वाणिज्य और प्रबंधन शामिल हैं। वे शोधार्थी जिन्होंने राज्य, केंद्रीय, निजी और डीम्ड-टू-बी विश्वविद्यालयों से अपनी पीएचडी डिग्री प्राप्त की है और अपने शोध प्रबंध का सफलतापूर्वक बचाव किया है, वे इस पुरस्कार के लिए आवेदन कर सकते हैं। चयनित शोधकर्ताओं को यूजीसी द्वारा हर विषय से दो-दो उद्धरण के साथ दस उद्धरण दिए जाएंगे। प्रत्येक वर्ष यूजीसी को शिक्षक दिवस के अवसर पर पीएचडी उत्कृष्टता पुरस्कार प्रदान करेगा। इसके लिए आवेदन सहित अन्य महत्वपूर्ण तिथियों की घोषणा कर दी गई है।

**कैंपस इवेंट**

## कॉलेज छात्रों ने चावड़ी में खेला नुक्कड़ नाटक, मत की अपील



**रायपुर।** महंत लक्ष्मीनारायण दास महाविद्यालय रायपुर के राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा मतदाता जागरूकता रैली और नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया। जागरुकता रैली महंत महाविद्यालय परिसर से प्रारंभ होकर सिटी कोतवाली, नगर निगम, महिला थाना से गांधी मैदान में नुक्कड़ नाटक की प्रस्तुति के साथ समाप्त हुई। नाटक के माध्यम से किसी भी प्रकार के लोभ व फर्जी वादे से दूर रहने की शिक्षाप्रद अभिव्यक्ति की गई। महाविद्यालय के समीप स्थित चावड़ी में नुक्कड़ नाटक किया गया। इसके जरिए बड़र संख्या में मजदूरों एवं राहगीरों उत्साहवर्धन किया गया।

### आसान भाषा का प्रयोग

महाविद्यालीयन छात्रों ने यह नुक्कड़ नाटक चावड़ी में खेला। यहां अधिकतर मजदूर थे। ऐसे में उन्होंने नाटक की भाषा आसान रखी, ताकि वे इसे सरलता से समझ सकें। मतदान की महत्ता, इससे मिलने वाले राजनीतिक लाभ सहित अन्य सभी जानकारियां उन्होंने आसान शब्दों में मजदूर वर्ग को बताई। रैली में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ.देवाशीष मुखर्जी, प्राध्यापक प्रो.ललित मोहन वर्मा, राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी डॉ.लक्ष्मीकांत साहू सहित राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवक की विशेष भूमिका रही।

**लाइव इवेंट**

## सही तकनीक से बचा सकते हैं 50% बीज तथा 30% पानी



**रायपुर।** अंतर्राष्ट्रीय धान अनुसंधान संस्थान, फिलिपींस द्वारा इंदिरा गांधी कृषि विवि में परियोजना संचालित की जा रही है। इसके अंतर्गत धान की उन्नत सीधी बुवाई के प्रदर्शनों के लिए प्रक्षेत्र दिवस एवं कृषक संगोष्ठी का आयोजन रायपुर जिला के अंतर्गत ग्राम चटौद में किया गया। कार्यक्रम में कृषकों को भ्रमण कराने के साथ ही उन्नत प्रजातियों, उन्नत सस्य प्रौद्योगिकी, खरपतवार प्रबंधन, कीट व्याधियां, यंत्रीकरण तथा धान के बाद रबी फसलों का चयन एवं प्रबंधन पर जानकारी दी गई। कृषकों को बताया गया कि इस विधि को अंगीकृत करने से लगभग 50% बीज, 30% तक पानी एवं प्रति एकड़ 6000 रुपए तक की बचत की जा सकती है। उन्नत विधि से धान की बुवाई करने से जलवायु परिवर्तन के लिए जिम्मेदार कारक मीथेन गैस का उत्सर्जन कम होता है। साथ ही मृदा स्वास्थ्य में सुधार होता है।

### सीधी बुवाई पर विस्तृत चर्चा

विषय विशेषज्ञ वैज्ञानिकों ने धान की सीधी बुवाई विषय पर विस्तृत चर्चा की एवं कृषकों की जिज्ञासाओं का निराकरण किया। कार्यक्रम में लगभग 150 प्रगतिशील कृषक उपस्थित थे। इस कार्यक्रम का संयोजन परियोजना प्रमुख डॉ.संजय द्विवेदी द्वारा किया गया। इस कार्यक्रम में उन्नत डीएसआर से धान उत्पादन करने वाले कृषकों को सम्मानित भी किया गया, जिससे भविष्य में अन्य कृषक प्रोत्साहित होकर ऐसी तकनीक का अंगीकरण करें। ग्राम चटौद के सरपंच हेमचंद चंद्राकर ने भी कृषकों को इस तकनीक को अंगीकृत करने प्रेरित किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कृषि विवि के अनुसंधान सेवा संचालक डॉ.विवेक त्रिपाठी रहे।

---

# शनिवार रात्रि 10.45 से प्रारंभ हुई अक्षय नवमी उदया तिथि के आधार पर आंवला पूजन आज

**रायपुर।** अक्षय नवमी का पर्व इस साल 10 नवंबर को मनाया जाएगा, लेकिन इसकी शुरुआत 9 नवंबर को रात 10 बजकर 45 मिनट से हो चुकी है। इस तिथि का समापन 10 नवंबर को रात 9 बजकर 1 मिनट पर होगा। इस प्रकार, उदयातिथि के अनुसार, आज अक्षय नवमी का व्रत रखा जाएगा। यह समृद्धि और पुण्य की प्राप्ति का दिन भी माना जाता है। यह दिन विशेष रूप से भगवान विष्णु की पूजा के लिए जाना जाता है और साथ ही इस दिन आंवले के पेड़ की पूजा भी की जाती है। इस दिन को लेकर बहुत सी मान्यताएं हैं और इस दिन विशेष योग भी बनते हैं, जिनका अत्यधिक महत्व है। इस दिन ब्रह्म मुहूर्त पूजा के लिए सर्वोत्तम माना जाता है। पूजा करने से पुण्य में वृद्धि होती है और यह शुभ फल प्रदान करता है। 10 नवंबर को नवमी के दिन सुबह 4:55 से लेकर 5:45 बजे तक का ब्रह्म मुहूर्त पूजा और दान-पुण्य के लिए बेहद उत्तम समय है।




**रात्रि 9 बजकर 1 मिनट तक रहेगी उदया तिथि**

### रवि और ध्रुव योग का संयोग

इस बार अक्षय नवमी के दिन कुछ विशेष योग बन रहे हैं जो पूजा-पाठ और दान के लिए अत्यंत अनुकूल माने जाते हैं। इस दिन रवि योग, ध्रुव योग और पंचक जैसे शुभ संयोग बन रहे हैं, जो इसे और भी महत्वपूर्ण बना रहे हैं। रवि योग को विशेष रूप से मांगलिक कार्यों के लिए अच्छा माना जाता है और पंचक का योग भी शुभ फलदायी है। इन योगों में किए गए धार्मिक कार्यों का फल कई गुना अधिक होता है।

### मंदिरों में होगा पूजन

अक्षय नवमी का शाब्दिक अर्थ है अक्षय पुण्य यानी ऐसा पुण्य जो कभी समाप्त न हो। पौराणिक मान्यताओं के अनुसार, अक्षय नवमी के दिन आंवले के पेड़ की पूजा से व्यक्ति को अनंत पुण्य की प्राप्ति होती है और यह पुण्य जीवन में सुख, समृद्धि और शांति लाता है। इस दिन आंवले के पेड़ के नीचे भोजन करना और दान करना भी अत्यंत लाभकारी माना गया है। इस दिन विष्णुजी के साथ आंवले के पेड़ की पूजा करने से जीवन में आने वाली समस्याएं दूर होती हैं और मनोवांछित फल की प्राप्ति होती है। धार्मिक ग्रंथों में कहा गया है कि इस दिन की गई पूजा और दान-पुण्य का फल अक्षय होता है, जो न केवल इस जन्म में बल्कि अगले जन्मों में भी शुभ फल प्रदान करता है। मंदिरों में भी आज विशेष पूजन होगा।

# अहिल्याबाई ने सर्वप्रथम दिलाया विधवाओं को संपत्ति में अधिकार

**रायपुर।** लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर विनम्र एवं उदार शासक के रूप में जानी जाती हैं। उनके हृदय में जरूरतमंदों, गरीबों और असहाय व्यक्ति के लिए हमेशा ही दया और परोपकार की भावना भरी रहती थी। उन्होंने समाजसेवा के लिए खुद को पूरी तरह समर्पित कर दिया था। अहिल्याबाई हमेशा अपनी प्रजा और गरीबों की भलाई के बारे में सोचती रहती थी। इसके साथ ही वे गरीबों और निर्धनों की हरसंभव मदद के लिए हमेशा तत्पर रहती थीं।



उक्ताशय के विचार महाराष्ट्र मंडल की महिला सदस्यों ने रखे। बूढ़ापारा महिला केंद्र में आयोजित एक व्याख्यान माला में मंडल सदस्यों ने महिला शिक्षा सहित अन्य विषयों पर चर्चा की। मंडल की महिला प्रमुख विशाखा तोपखानेवाले ने कहा, उनके शासन संभालने से पहले यह कानून था कि अगर कोई महिला विधवा हो जाए और उसका पुत्र न हो, तो उसकी पूरी संपत्ति सरकारी खजाना या फिर राजकोष में जमा कर दी जाती थी। लेकिन अहिल्याबाई ने इस कानून को बदलकर विधवा महिला को अपनी पति की संपत्ति लेने का हकदार बनाया।

---

## सीपीआर नहीं मिलने पर 6 से 8 मिनट में हो जाती है पूर्णतः मस्तिष्क क्षति

# हार्ट अटैक आए तो 30 बार छाती दबाने के बाद 2 बार दें सांस सही समय पर सीपीआर से 30% बढ़ जाती है जीवन की संभावना

**कार्नर न्यूज**

**रायपुर।** कार्डियक अरेस्ट के केस में सही समय पर कार्डियोपल्मोनरी रिससिटेशन (सीपीआर) नहीं मिलने पर रोगी की मृत्यु हो जाती है। कार्डियक अरेस्ट के केस में यह देखने को मिला है कि सही समय पर सीपीआर मिलने से व्यक्ति के जीवित रहने की संभावना 30 प्रतिशत तक बढ़ जाती है। वहीं सही समय पर सीपीआर नहीं मिलने पर हर एक मिनट में मृत होने की संभावना बढ़ती जाती है और लगभग 6 से 8 मिनट में मरीज की पूर्णतः मस्तिष्क क्षति हो जाती है जिसे मेडिकल भाषा में हाइपोक्सिक ब्रेन डैमेज कहते हैं। यह स्थिति तब निर्मित होती है जब मस्तिष्क को पर्याप्त ऑक्सीजन नहीं मिलता है।

उपरोक्त जानकारी बेसिक लाइफ सपोर्ट एवं एडवांस कार्डियक लाइफ सपोर्ट की कार्यशाला के अंतिम दिन प्रशिक्षण देते हुए कोर्स इंस्ट्रक्टर डॉ. प्रतिभा जैन शाह ने प्रतिभागी चिकित्सा छात्रों को दी। पंडित जवाहर लाल नेहरू स्मृति चिकित्सा महाविद्यालय के चौथी मंजिल स्थित स्किल लैब में आयोजित इस कार्यशाला में प्रतिभागियों को आज हाई क्वालिटी सीपीआर, डिफिब्रिलेशन, कार्डियोवर्शन एवं पेसिंग की प्रैक्टिस करवाई गई।



### जोधपुर और गुजरात से पहुंचे चिकित्सक

पं. नेहरू चिकित्सा महाविद्यालय एवं आंबेडकर अस्पताल के एनेस्थेसिया एवं पेन मैनेजमेंट विभाग द्वारा आयोजित इस कार्यशाला के कोर्स कोऑर्डिनेटर एवं इंस्ट्रक्टर विभागाध्यक्ष डॉ. प्रतिभा जैन शाह एवं इमर्जेंसी मेडिसिन विशेषज्ञ डॉ. शिवम पटेल रहे। इनके साथ ही श्री बालाजी इंस्टिट्यूट ऑफ मेडिकल साइंस की डॉ. अनीषा नागरिया, रामकृष्ण केयर हॉस्पिटल के इमरजेंसी मेडिसिन विशेषज्ञ डॉ. बालाजी शाह, गुजरात के डॉ.जनक खम्बोल्झा और एम्स जोधपुर की डॉ.भारती गिंडलानी ने छात्रों को बीएलएस एवं एसीएलएस कोर्स का प्रशिक्षण दिया।

### किसी भी जगह आ सकता है हार्ट अटैक

आपात स्थितियों में लोगों की जीवन रक्षा करने के लिए आयोजित इस कार्यशाला की सराहना करते हुए अधिष्ठाता डॉ. विवेक चौधरी ने कहा कि व्यक्ति को कार्डियक अरेस्ट कहीं भी, किसी भी जगह हो सकता है। ऐसे में बेसिक लाइफ सपोर्ट कोर्स से प्राप्त प्रशिक्षण की मदद से हम लोगों का बहुमूल्य जीवन बचा सकते हैं। यह कोर्स हमें सिखाता है कि विपरीत परिस्थितियों में बिना घबराए नाड़ी और श्वसन गति का परीक्षण करके हम व्यक्ति की जान बचा सकते हैं।

### सामान्य व्यक्ति भी दे सकता है सीपीआर

इमर्जेंसी मेडिसिन विशेषज्ञ डॉ. शिवम पटेल ने हाई क्वालिटी सीपीआर का प्रशिक्षण देते हुए बताया कि 30 बार चेस्ट कंप्रेशन के बाद 2 बार ब्रेथ देना होता है। सीपीआर कोई भी कर सकता है। इसके लिए डॉक्टर या मेडिकल टीम होना जरूरी नहीं है। आजकल स्कूल-कॉलेज में भी बेसिक कार्डियक लाइफ सपोर्ट की ट्रेनिंग दी जाती है। लोगों की अधिक से अधिक जीवन रक्षा के लिए इस प्रशिक्षण पर और अधिक ध्यान देने की आवश्यकता है और ऐसे प्रोग्राम को सपोर्ट करने की जरूरत भी है।

### मैनकिन में करवाया गया अभ्यास

विशेषज्ञों ने बेसिक लाइफ सपोर्ट के अंतर्गत छात्रों को चेस्ट कंप्रेशन (जीवन रक्षा के लिए छाती पर दबाव डालने की विधि) की प्रक्रिया के बारे में विस्तार से बताया और मैनकिन (डमी) में बारी-बारी से सबको अभ्यास करवाया। एडवांस कार्डियक लाइफ सपोर्ट के बारे में पढ़ाते हुए विशेषज्ञ डॉ. जनक खम्बोल्झा ने कार्डियक अरेस्ट के पहले मरीज में दिखने वाले लक्षणों के बारे में बताया। उन्होंने कार्डियक अरेस्ट को रोकने के उपाय बताए। सभी छात्रों को ग्रुप में बांट कर, बारी-बारी सबको टीम लीडर बनाकर रियल टाइम केस सिनेरियो देकर प्रैक्टिस करवाई गई। सभी की लिखित और प्रायोगिक परीक्षा ली गई, जिसमें उत्तीर्ण होने 84 प्रतिशत अंक हासिल करना अनिवार्य था।

## आराधना

# 18 हजार गुरुओं की वंदनावली प्रारंभ हुआ पंचाह्निका महोत्सव



**रायपुर।** श्री संभवनाथ जैन मंदिर विवेकानंद नगर में जारी आत्मोल्लास चातुर्मास के अंतर्गत पंचाह्निका महोत्सव भक्तिमय वातावरण में शुरू हो गया है। मुनिश्री जयपाल, मुनिश्री प्रियदर्शी, मुनिश्री तीर्थप्रेम, साध्वी रत्ननिधिश्री, साध्वी रिद्धिनिधि के शुभ सानिध्य में 12 नवंबर तक पंचाह्निका महोत्सव आयोजित होगा। महोत्सव के प्रथम दिन 18 हजार गुरुवन्दनावली का कार्यक्रम हुआ। उन्होंने बताया, 22वें तीर्थंकर भगवान नेमीनाथ के भाई कृष्ण वासुदेव को जब ज्ञात हुआ कि उनके भाई तीर्थंकर बन गए हैं तो उन्हें वंदना करने गए। नेमीनाथ भगवान के 18,000 शिष्यों को उन्होंने वंदन किया, उसी के निमित्त आज महोत्सव के प्रथम दिन 18000 गुरुओं का वंदन किया गया।

### अहमदाबाद से आए गीतकार की संगीतमय प्रस्तुति

इस मौके पर गुरु गौतम स्वामी से लेकर 18 गुरुओं की महिमा का व्याख्यान करते हुए उन्हें सविधि वंदन किया गया। इसी तरह सभी गुरुओं की महिमा का वर्णन करते हुए सविधि वंदन किया गया। इस अवसर पर लाभार्थी परिवार द्वारा सभी गुरुओं का पूजन किया गया। अहमदाबाद से आए गीतकार हर्षिल शाह ने संगीतमय प्रस्तुति से गुरुओं की महिमा का वर्णन भजन के द्वारा किया। मुनिश्री प्रियदर्शी विजयजी एवं मुनिश्री तीर्थप्रेम ने गुरुओं की महिमा का व्याख्यान किया। 9 नवंबर को गुरु पादुका पूजन सप्तर्षि वंदना हर्षिल शाह के संगीतमय कार्यक्रम के साथ होगी।

## कैंपस लाइव

# अपने पालकों को वोट डालने प्रेरित करेंगे स्कूली विद्यार्थी



**रायपुर।** दक्षिण विधानसभा में होने वाले उपचुनाव में मतदान के लिए जागरूक करने इस क्षेत्र के स्कूलों में जागरूकता अभियान चलाए जा रहे हैं। कई स्कूलों में बड़े पैमाने पर इस क्षेत्र के मतदाताओं को निष्पक्ष व निर्भीक होकर शत प्रतिशत मतदान करने के लिए प्रेरित करने के उद्देश्य से स्वीप कार्यक्रम चलाए गए। इसके अंतर्गत मतदाता जागरूकता रथ के माध्यम से लोगों को प्रेरक संदेश दिए जा रहे हैं। इसके साथ-साथ रायपुर दक्षिण क्षेत्र के शैक्षणिक संस्थानों में कॉलेज तथा दल द्वारा गीत व अन्य माध्यम से 18 वर्ष से अधिक आयु के विद्यार्थियों को वोट देने की अपील की जा रही है।

### नवीन मतदाताओं को भी जोड़ रहे

18 वर्ष से कम आयु के विद्यार्थियों को अपने पालकों को 13 नवंबर को मतदान करने जाने के आग्रह करने का संदेश रोचक तरीके से दिया जा रहा है। स्कूल कॉलेज में विविध रोचक प्रतियोगिताओं के माध्यम से भी मतदाता जागरूकता के लिए विविध गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। इनमें नवीन मतदाता तथा भावी मतदाता रुचि के साथ भाग ले रहे हैं, तथा लोकतंत्र को मजबूत बनाने की प्रक्रिया में सकरी सहभागिता सुनिश्चित कर रहे हैं। आयोजन के बाद मतदान के लिए शपथ दिलाई जा रही है।

## सिटी लाइव

# जमशेदपुर व कोलकाता में शूट की गई है 'लॉकडाउन के मया'



**रायपुर।** लॉकडाउन के बीच लोगों में आपसी प्रेम और सहयोग की भावना ने मानवीय मूल्यों को सही पहचान दी। इससे जुड़ी कहानी को कॉमेडी, ड्रामा और एक्शन के समायोजन से छत्तीसगढ़ी फिल्म 'लॉकडाउन के मया' बनाई गई है। यह अब रिलीज के लिए तैयार है। इसे 15 मार्च को सिनेमाघरों में रिलीज किया जाएगा। इस फिल्म में बतौर नायक शिवा साहू और नितिन ग्वाला के साथ नायिका के रूप में स्नेहा देवांगन नजर आएंगी। यह फिल्म लगभग 2 घंटे 27 मिनट की है। इसमें 7 गाने के साथ कॉमेडी का तड़का भी दर्शकों को पसंद आएगा। यह जानकारी पुष्पेन्द्र सिंह, क्रांति दीक्षित, उदय साहू ने पत्रकार वार्ता में दी।

### याद दिलाएगा कोरोना काल

कलाकारों ने बताया कि इस फिल्म की शूटिंग जमशेदपुर टाटा और कोलकाता के अलग-अलग लोकेशन में की गई है। लॉकडाउन के दौरान जिस तरह का माहौल रहा, उसे रूपहले पर्दे पर दिखाने का प्रयास किया है। इसमें काम करने वाले सभी कलाकारों ने किरदार के साथ न्याय करने का प्रयास किया है, जो फिल्म में देखने को भी मिलेगा। 15 मार्च को रिलीज होने वाली फिल्म का प्रमोशन भी जल्द ही शुरू किया जाएगा। इसमें ज्यादा कलाकार नहीं हैं, मगर जो भी नजर आएंगे, वे कैरेक्टर की मांग के अनुरूप हैं।

---

● बॉलीवुड सिंगर सुदेश भोसले ने भारतीय सड़क कांग्रेस वार्षिक अधिवेशन के दूसरे दिन दी लाइव प्रस्तुति

# 80 दशक के गानों में 2 घंटे तक झूमते रहे इंजीनियर्स लाइव कंसर्ट में अमिताभ के आवाज ने किया हैरान

हमारी जिंदगी का तंबू तीन बंबू पर खड़ा है-शराब, शबाब और आप मुंशी जी। शराब और शबाब के बिना तो हम चल सकते हैं, लेकिन आपके बिना नहीं मुंशी जी... शराबी फिल्म का यह मशहूर डायलॉग जब भारतीय सड़क कांग्रेस वार्षिक अधिवेशन के दूसरे दिन शनिवार को मंच पर दोहराया तो, दर्शक भी आश्चर्यचकित रह गए। एक पल के लिए लगा कि स्वयं अमिताभ बच्चन ही इस डायलॉग को बोल रहे हैं, लेकिन यह आवाज वॉइस ऑफ अमिताभ बच्चन कहलाने वाले सुदेश भोसले की थी।

**रायपुर।** सुदेश ने यह डायलॉग शराब के नशे में उसी अंदाज से बोला जैसा फिल्म में अमिताभ बच्चन ने कहा था। लाइव कार्यक्रम में सुदेश ने 80-90 के दशक के गानों से ऐसा धमाल मचाया कि इंजीनियर्स भी खुद को झूमने से रोक नहीं पाए। पुराने गीतों के साथ-साथ अभिनेताओं के आइकॉनिक डायलॉग से पुराने फिल्मों की याद ताजा कर दी। कार्यक्रम में सुदेश की लाइव प्रस्तुति सुनने के लिए आम आदमी भी बड़ी संख्या में पहुंचे हुए थे। इस दौरान किशोर, मुकेश, अमिताभ की आवाज में जोशीले और सुरीले अंदाज में प्रस्तुति देकर कार्यक्रम को यादगार बनाया।



### 2 घंटे तक लगातार प्रस्तुति

*कार्यक्रम में सुदेश ने 80 से 90 दशक के पुराने सिंगर की आवाज में मनमोहक प्रस्तुति दी। इस दौरान सबसे अधिक अमिताभ बच्चन, राजेश खन्ना और किशोर कुमार की आवाज को पसंद किया गया। सुदेश मंच पर डेढ़ घंटे की प्रस्तुति देने आए थे, लेकिन कार्यक्रम में लोगों की ओर से जब फरमाइश गीत आना शुरू हुआ तो सुदेश को 2 घंटे तक लगातार प्रस्तुति देनी पड़ी। लोगों का उत्साह देखकर मनपसंद सिंगर की आवाज में गीत सुनाकर सुदेश ने दर्शकों को दिल जीत लिया। इस बीच पुराने गीतों के वाद्ययंत्रों की ध्वनि और जोशीले आवाज सुनकर दर्शक झूम उठे।*





### सदाबहार नगमों ने बांधा समां

कार्यक्रम में सिंगर सुदेश ने सदाबहार नगमों से संगीत की ऐसी महफिल सजाई कि गाना सुनते कब 2 घंटे का समय बीत गया, लोगों को पता ही नहीं चला। इस दौरान ये जो मोहब्बत है.., सारा जमाना हसीनों का दीवाना.., मेरे महबूब कयामत होगी, आज रुसवा तेरी गलियों में मोहब्बत होगी... सहित एक-दूसरे से करते हैं... जैसी फिल्मी गानों पर प्रस्तुति देकर दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम के दौरान सुदेश महानायक अमिताभ बच्चन की आवाज में एक से बढ़कर एक फिल्मी गीत नए पुराने गाए। जिनको सुनकर पूरे परिसर में बैठे हुए लोग झूम व नाच उठे।



### पुराने गीतों ने किया मंत्रमुग्ध, मिमिक्री से लोगों को हंसाया

सुदेश ने किशोर कुमार के चुलबुले गीतों से कार्यक्रम की शुरुआत की। इसके बाद 90 दशक में अमिताभ बच्चन का लोकप्रिय गाना जुम्मा चुम्मा दे दे... जब सुदेश ने मंच से गया तो इंजीनियर्स ने भी अपने जगह से खड़े होकर दोस्तों के साथ नाचना शुरू कर दिया। अमिताभ की आवाज में रोचक तरीके से उन्होंने यह प्रस्तुति दी। इसके बाद अपनी तो जैसे तैसे.., दिलबर मेरे.., दर्दे दिल... जैसे गीतों ने 80-90 के दशक की याद दिला दी। लोगों की डिमांड पर उन्होंने शत्रुघ्न सिन्हा, विनोद खन्ना, असरानी समेत कई अभिनेताओं की मिमिक्री कर सभी को खूब हंसाया। किशोर कुमार के प्यार भरे नगमों की प्रस्तुतियों ने न केवल पुराने गीतों की यादें ताजा की बल्कि युवाओं में भी जोश भर दिया।

---

# यशोदा से आशीर्वाद लेकर कृष्ण ने शुरू किया गौचारण खुशी में सजी गौशाला, बाल गोपाल संग गाय को भोग

शहर के प्राचीन श्री दूधाधारी मठ में भी गोपाष्टमी का पर्व धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर मठ के गौशाला में गौ माता की पूजा-अर्चना की गई। भक्तिमय माहौल में उन्हें तिलक लगाकर फूलों की माला पहनाई गई।

**रायपुर।** संत-महंतों ने ही नहीं बल्कि गौ भक्तों ने भी उन्हें मिठाई का भोग हुए उनके प्रति श्रद्धा का परिचय दिया। इसके बाद की गई आरती में मठ के आस-पास रहने वाले परिवार के लोग भी शामिल हुए। इसके चलते मठ में भक्तिमय माहौल रहा। पूजा-अर्चना के दौरान राजेश्री महंत रामसुन्दर दास प्रमुख रूप से मौजूद थे। उनकी अगुवाई में हर साल की तरह इस साल भी गोपाष्टमी की परंपरा निभाई गई। इसके बाद लोगों ने भोग प्रसाद भी ग्रहण किया।

## दूधाधारी मठ सहित मंदिरों में मनाया गया गोपाष्टमी पर्व



### गोपाष्टमी की बताई महिमा

मठ के मीडिया प्रभारी निर्मल दास वैष्णव ने बताया, आज के दिन ही माता यशोदा से आशीर्वाद लेने के बाद भगवान श्री कृष्ण ने गौचारण प्रारंभ किया था। गौ माता संपूर्ण विश्व की माता हैं। हमें उनका संरक्षण एवं संवर्धन करना चाहिए। इस अवसर पर विजय पाली, नागाजी महाराज, रामावतार दास, रामदेव दास ने भी पर्व से जुड़ी महत्ता पर प्रकाश डाला। आयोजन को सफल बनाने में अंकित, रामप्रिय दास, रामलोचन दास, जय शुक्ला,हर्ष दुबे व अन्य ने सहयोग दिया।

### श्रद्धालुओं ने खिलाया चारा

अन्य मंदिरों में भी गोपाष्टमी का पर्व बहुत ही उत्साह उमंग संग मनाया गया। छत्तीसगढ़ प्रांतीय अग्रवाल संगठन ने गौ माता की पूजा कर रोली-चावल का तिलक कर माला पहनाई और आरती उतारी गई। गुड़ सहित हरा चारा व मिठाई खिलाकर गौ माता की सभी सदस्यों द्वारा फेरी ली गई। सिया राम अग्रवाल, डॉ.अशोक अग्रवाल सहित अन्य सदस्य शामिल रहे।

# 'गेट' सुधार के लिए खिड़की आज बंद, परीक्षाएं फरवरी में

**रायपुर।** ग्रेज्यूएट एप्टीट्यूड टेस्ट इन इंजीनियरिंग अर्थात गेट फॉर्म में करेक्शन का 10 नवंबर को आखिरी मौका है। आईआईटी रुड़की की ओर से आज करेक्शन विंडो को बंद कर दिया जाएगा। इसलिए, जो भी उम्मीदवार परीक्षा फॉर्म में अपनी गलती को सुधार करना चाहते हैं, वे निर्धारित तिथि के भीतर अपनी गलती ठीक कर सकते हैं। आवेदन पत्र में सुधार करने के लिए कैंडिडेट्स को ऑफिशियल वेबसाइट पर लॉग-इन करना होगा। साथ ही अपने लॉगिन क्रेडेंशियल, जैसे पंजीकरण संख्या और जन्म तिथि का उपयोग करना होगा। इसके बाद ही करेक्शन विंडो ओपन हो जाएगी। गेट का आयोजन 1, 2, 15 और 16 फरवरी को किया जाएगा। प्रत्येक दिन परीक्षा दो सत्रों में की जाएगी। पहला सत्र सुबह 9:30 बजे से दोपहर 12:30 बजे तक चलेगा। इसके बाद दोपहर का सत्र दोपहर 2:30 बजे से शाम 5:30 बजे तक कंडक्ट कराया जाएगा।

### जोड़ सकते हैं दूसरे प्रश्नपत्र

गेट एगजाम में बदलाव करने के लिए उम्मीदवारों का नाम, जन्मतिथि, परीक्षा शहरों की पसंद सहित विभिन्न विवरणों में बदलाव करने की अनुमति दी जाएगी। साथ ही इस दौरान उम्मीदवारों को दूसरा पेपर भी जोड़ने का मौका मिलेगा। साथ ही अपना जेंडर चेंज करने और अपनी कैटेगिरी को बदलने का अवसर भी दिया जाएगा। हालांकि, उम्मीदवारों को हर बदलाव के साथ उन्हें निर्धारित शुल्क जमा करना होगा। बिना फीस के कोई करेक्शन स्वीकार नहीं किया जाएगा। पहले परीक्षा में करेक्शन करने के लिए विंडो 6 नवंबर तक ओपन की गई थी, लेकिन अब अभ्यर्थियों को एक बार फिर मौका दिया गया है। उम्मीदवार ध्यान दें कि वेबसाइट पर दिया गया शुल्क एक टेस्ट पेपर के लिए है। अगर कोई कैंडिडेट्स दो पेपर चुनते हैं तो उसके लिए उम्मीदवारों को उपरोक्त उल्लिखित शुल्क का दोगुना भुगतान करना होगा।

---

छत्तीसगढ़ प्रांतीय अग्रवाल संगठन : नई कार्यकारणी ने शपथ ग्रहण में लिए अहम निर्णय

# पहली बार किसी समाज ने बनाए आयोग, इसमें शिक्षा सहित चिकित्सा, धर्म जैसे 18 भाग, सुधार पर रहेगा जोर

कार्नर न्यूज

**रायपुर।** शिक्षा, चिकित्सा, कॅरियर काउंसिल सहित 18 तरह के आयोग बनाकर अब अग्रवाल समाज हर क्षेत्र में प्रांतीय स्तर पर काम करने वाला है। इनमें 14 तरह के आयोग बनाने पर राष्ट्रीय पदाधिकारियों की मौजूदगी में निर्णय लिया गया। इससे पहले प्रांतीय अग्रवाल संगठन के नए पदाधिकारीयों ने रायपुर के एसएन पैलेस में शपथ ग्रहण किया। इसमें अखिल भारतीय अग्रवाल संगठन के चेयरमैन प्रदीप मित्तल ने शपथ ग्रहण कराने से पहले समाज के हर वर्ग को संबोधित भी किया। उन्होंने बताया, गीता मनीषी महामंडलेश्वर स्वामी ज्ञानानंद के मार्गदर्शन में 'जिओ गीता पाठ' का आयोजन इस बार भी 11 दिसंबर को पूरे विश्व में सुबह 11 बजे एक साथ होगा। इसमें 5 करोड़ लोग गीता के 3 श्लोक को पढ़ेंगे, यह अनुमान है।



### गिनाई तीन साल की उपलब्धियां

राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष एवं प्रांतीय मुख्य संरक्षक सियाराम अग्रवाल की मौजूदगी में नई कार्यकारिणी ने शपथ ग्रहण किया। इससे पहले पूर्व प्रांतीय महामंत्री मनोज अग्रवाल ने तीन वर्षीय कार्यकाल की उपलब्धियां से लोगों को अवगत कराया। इसमें बसना के विधायक संपत अग्रवाल भी शामिल हुए। नए पदाधिकारी के रूप में अध्यक्ष डॉ.अशोक अग्रवाल को सबसे पहले शपथ दिलाई। इसके बाद अन्य सभी पदाधिकारियों को शपथ दिलाने के बाद सौहार्द पूर्ण माहौल में समाज के हर वर्ग के लोगों ने एक दूसरे को दीपावली की शुभकामना प्रेषित करते हुए आयोजन को सफल बनाने बधाई दी।

### जनगणना सहित धार्मिक आयोग

मीडिया प्रभारी ज्योति अग्रवाल ने बताया कि प्रांतीय बैठक में प्रमुख रूप से 18 प्रकल्प के लिए 18 आयोग बनाने को लेकर सहमति बनी। इनमें से पहली मीटिंग में कॅरियर काउंसलिंग आयोग की कमान स्वाति मुरारका को दी गई। वहीं जनगणना आयोग अध्यक्ष ऋषि अग्रवाल बनाया गया। अयोध्या यात्रा एवं विदेश यात्रा आयोग का प्रभारी राजेंद्र अग्रवाल राजू को बनाया गया। बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ आयोग की कमान सपना सराफ को और धार्मिक आयोजन आयोग के चेयरमेन पद पर संगीता सरावगी और वाइस चेयरमैन राजश्री योगी अग्रवाल को नियुक्त किया गया है।

### नेत्रदान व देहदान के लिए मंगाए नाम



युवा खेलकूद आयोग की कमान दीपक बिंदलव, श्रुति व दिव्या अग्रवाल को दी गई। महिला सशक्तिकरण आयोग पायल लाठ, अग्र अलंकरण आयोग के लिए डॉ.अनीता अग्रवाल के साथ वाइस चेयरमैन पंकज अग्रवाल एवं डॉ.निर्मल को अध्यक्ष बनाया गया। वहीं मंगल परिणय आयोग की जिम्मेदारी शोभा केडिया को दी। इनफर्मेशन टेक्नोलॉजी आयोग चेयरमैन अंकित को और सदस्यता विस्तार आयोग के लिए सुरेश मंगल और सचिव विनोद अग्रवाल को जिम्मेदारी दी। शिक्षा, चिकित्सा सहायता आयोग की चेयरमैन शशि अग्रवाल, रक्तदान आयोग भारती मोदी के अलावा नेत्रदान व देहदान जागरूकता आयोग के लिए नाम आमंत्रित किए गए हैं।

## सिटी स्पोर्ट्स

### वान्या और अव्यक्त टेनिस टूर्नामेंट के फाइनल में



**रायपुर।** ऑल इंडिया टेनिस एसोसिएशन के तत्वावधान में छत्तीसगढ़ प्रदेश टेनिस संघ द्वारा ऑल इंडिया टेनिस टूर्नामेंट सीएस 3 अंडर-14 गर्ल्स एवम बॉयज 8 से 10 नवम्बर तक यूनियन क्लब एवम छत्तीसगढ़ क्लब में जारी है। इस टूर्नामेंट के टूर्नामेंट डायरेक्टर टेनिस संघ के महासचिव गुरुचरण सिंह होरा एवम मुख्य निर्णायक रुपेंद्र सिंह चौहान है। दूसरे दिन के खेल में अंडर 14 आईटा चैंपियनशिप सीरीज के बालिका वर्ग के सेमीफ़ाइनल मुक़ाबले में ऐयान्न कपूर ने रीत बेगानी को 9-1 से शिकस्त दी। वान्या पुंढीर ने आराध्या पांडेय को 9-6 से शिकस्त देकर फाइनल में प्रवेश किया। बालक वर्ग के सेमीफ़ाइनल मुक़ाबले में विहार शरण भाटिया ने लक्ष्य अग्रवाल को 9-4 से शिकस्त दी और दूसरे मैच में अव्यक्त अग्रवाल ने तनाव्य गोयल को 9-6 से शिकस्त देकर फाइनल में प्रवेश किया। दोनों वर्गों के फाइनल मुक़ाबले रविवार 10 नवंबर को सुबह 9:30 बजे यूनियन क्लब में खेले जाएंगे। विजेताओ को टेनिस संघ के महासचिव गुरुचरण सिंह होरा पुरस्कृत करेंगे।

### रणजी ट्रॉफी में रेलवे के विरुद्ध मैच ड्रा, छत्तीसगढ़ को मिली बढ़त



**रायपुर।** बीसीसीआई की ओर से रणजी ट्रॉफी 2024-25 का आयोजन 11 अक्टुबर से चल रहा है। जिसमें ग्रुप डी में छत्तीसगढ़ की टीम का चौथा मैच (06 - 09 नवंबर) शहीद वीर नारायण सिंह अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम, रायपुर में रेलवे टीम के विरुद्ध खेला गया। रेलवे ने टॉस जीतकर पहले क्षेत्ररक्षण करने का निर्णय लिया। छत्तीसगढ़ ने पहले बल्लेबाजी करते हुये अपनी पहली पारी में 154.5 ओवरों में 9 विकेट खोकर 500 रन बनाये तथा पारी घोषित कर दी। छत्तीसगढ़ की ओर से संजित देसाई ने शानदार शतक लगाते हुये 110 रन बनाये। कप्तान अमनदीप खरे ने 88 रन तथा अनुज तिवारी ने 84 रनो का योगदान दिया। रेलवे की ओर से कर्ण शर्मा ने 3 विकेट, आदर्श सिंह तथा आकाश पांडे ने 2-2 विकेट प्राप्त किये। रेलवे ने अपनी पहली पारी में 111.2 ओवरों में 10 विकेट खोकर 351 रन बनाये। रेलवे की ओर से एस ए आहुजा ने 135 रन तथा विवेक सिंह ने 86 रन बनाये। वही छत्तीसगढ की ओर से रवि किरण ने 5 विकेट, वासुदेव बरेथ ने 3 विकेट तथा अजय मंडल ने 2 विकेट प्राप्त किये। छत्तीसगढ ने अपनी दूसरी पारी 32 ओवरों में 5 विकेट पर 129 रन बनाकर घोषित कर दी। छत्तीसगढ की ओर से संजित देसाई ने नाबाद 51 रन बनाये। वहीं रेलवे की ओर से युवराज ने 3 तथा आदर्श सिंह ने 2 विकेट प्राप्त किये। 279 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी रेलवे ने खेल समाप्त होने तक 7.4 ओवरों में 1 विकेट खोकर 35 रन ही बनाये। मैच ड्रा पर समाप्त हुआ। पहली पारी में बढत के आधार पर छत्तीसगढ़ ने 3 अंक अर्जित किये।

### सीके नायडू ट्रॉफी में हर्ष ने यूपी के खिलाफ जड़ा नाबाद शतक




**रायपुर।** बीसीसीआई द्वारा मेंस अंडर 23 सीके नायडू ट्रॉफी का आयोजन 13 अक्टूबर से जारी है। जिसमें छत्तीसगढ़ की टीम का चौथा मैच (08 से 11 नवंबर) तक कानपुर में उत्तर प्रदेश के विरुद्ध खेला गया। छत्तीसगढ टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। पहले बल्लेबाजी करते हुये अपनी पहली पारी में 81 ओवरों में 8 विकेट खोकर 248 रन बना लिये हैं। छत्तीसगढ की ओर से हर्ष साहु ने शानदार शतक लगाते हुये 108 रन नाबाद बनाए।. उनके अतिरिक्त आशीष डहरिया ने 37 तथा मयंक यादव ने 25 रन बनायें। उत्तर प्रदेश की ओर से कुनाल त्यागी तथा विनय कुमान ने 3-3 विकेट प्राप्त किए।

ठंड के मौसम में प्रदूषण से फेफड़ों पर पड़ती है दोहरी मार

# बढ़ता प्रदूषण बन रहा है कैंसर के फैलाव की वजह, ज्यादा सावधान रहने की जरूर

आप वायु प्रदूषण के संपर्क में जितना ज्यादा रहेंगे, फेफड़ों के कैंसर का जोखिम उतना ही अधिक होगा। शोधकर्ताओं ने यह भी पाया है कि सिर्फ बाहरी ही नहीं इनडोर प्रदूषण के कारण भी लंग्स कैंसर का खतरा बढ़ सकता है। वायु प्रदूषण, स्वास्थ्य के लिए गंभीर खतरा बनता जा रहा है। पिछले एक महीने से राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली और एनसीआर सहित कई पड़ोसी राज्य प्रदूषण की मार झेल रहे हैं। शनिवार 9 नवंबर को सुबह 9 बजे दिल्ली का एयर क्वालिटी इंडेक्स (एक्यूआई) 367 रहा, जिसे 'बहुत खराब' श्रेणी वाला माना जा रहा है।सेंटर फॉर साइंस एंड एनवायरनमेंट (सीएसई) ने एक निष्कर्ष में कहा है कि वाहनों से निकलने वाला धुआं, पराली जलाने, सड़क की धूल या पटाखों के कारण दिल्ली में प्रदूषण का स्तर इतना बढ़ गया है। सभी लोगों को प्रदूषण से बचाव को लेकर निरंतर प्रयास करते रहना चाहिए। अध्ययनों में वायु प्रदूषण को सेहत के लिए कई प्रकार से हानिकारक माना गया है। श्वसन समस्याओं के साथ हृदय और मस्तिष्क की बीमारियां भी वायु प्रदूषण के कारण बढ़ती देखी जा रही हैं। कुछ शोध बताते हैं कि प्रदूषित वातावरण में लंबे समय तक रहने से कैंसर का भी खतरा हो सकता है। आइए इस बारे में जानते हैं।





### क्या कहते हैं विशेषज्ञ?

कैंसर रिसर्च यूके ने एक रिपोर्ट में बताया, वायु प्रदूषण में कई प्रकार के सूक्ष्म और हानिकारक कणों का मिश्रण होता है, जो शरीर में पहुंचकर कई प्रकार के स्वास्थ्य जोखिमों को बढ़ाने वाला हो सकता है। उदाहरण के लिए, फेफड़ों में छोटे कण जमा होकर कोशिकाओं में डीएनए को नुकसान पहुंचाते देखे गए हैं। इससे कोशिकाओं के विभाजन का तरीका बदल जाता है, जिससे कैंसर हो सकता है। यूरोप में फेफड़ों के कैंसर से होने वाली 9% मौतों के लिए वायु प्रदूषण को जिम्मेदार माना गया है। भारत में, धूम्रपान न करने वालों में फेफड़ों के कैंसर के मामलों में हाल में वृद्धि देखी गई है। इनमें से ज्यादातर लोगों का प्रदूषित वातावरण से संपर्क अधिक देखा गया।

### धूम्रपान और प्रदूषण दोनों से लंग्स कैंसर का खतरा

कैनेडियन कैंसर सोसाइटी ने एक रिपोर्ट में कहा कि हम जानते हैं कि फेफड़ों के कैंसर के लिए धूम्रपान सबसे बड़ा जोखिम कारक है। अब इस बात के भी पुख्ता सबूत हैं कि बाहरी वायु प्रदूषण भी फेफड़े के कैंसर के जोखिम को बढ़ा रही है। आप वायु प्रदूषण के संपर्क में जितना ज्यादा रहेंगे, फेफड़े के कैंसर का जोखिम उतना ही अधिक होगा। शोधकर्ताओं ने यह भी पाया है कि सिर्फ बाहरी ही नहीं इनडोर प्रदूषण के कारण भी लंग्स कैंसर का खतरा बढ़ सकता है। घर के अंदर की हवा में मौजूद रेडॉन गैस को इसके लिए जिम्मेदार पाया गया है।

### प्रदूषण से करें बचाव

अध्ययनकर्ता कहते हैं, वायु प्रदूषण संपूर्ण स्वास्थ्य के लिए हानिकारक है। लैंसेट काउंटडाउन ऑन हेल्थ एंड क्लाइमेट चेंज 2024 के अनुसार साल दर साल बढ़ता वायु प्रदूषण श्वसन और हृदय संबंधी बीमारियों, फेफड़ों के कैंसर, मधुमेह, तंत्रिका संबंधी विकार, गर्भावस्था की दिक्कतों को तो बढ़ा ही रहा है साथ ही इससे वैश्विक स्तर पर मृत्यु के मामलों में भी उछाल आया है। सभी लोगों के लिए जरूरी है कि आप प्रदूषण से बचाव करें और बाहर जाते समय मास्क जरूर पहनें।



## जोड़ों के दर्द से राहत दिलाएंगे ड्राई फ्रूट्स

बदलते मौसम में ब्लड सर्कुलेशन स्लो हो जाता है, जिससे जोड़ों में दर्द सताने लगता है। ऐसे में आप ड्राई फ्रूट्स को डाइट में शामिल करके दर्द और सूजन को कम कर सकते हैं। अपनी डाइट में अखरोट, अंजीर, बादाम, किशमिश जैसे ड्राई फ्रूट्स को शामिल करें। आपको 7 दिनों में ही खुद में बदलाव दिखाई देने लगेगा। जोड़ों के दर्द से जीवन मुश्किल हो जाता है। यहां तक कि रोजमर्रा के काम करने में भी परेशानी होती है। जोड़ों में लुब्रिकेशन की कमी और कार्टिलेज का घिसना जोड़ों के दर्द के मुख्य कारण हैं। बदलते मौसम में दर्द बढ़ जाता है। लेकिन, आप हेल्दी डाइट की मदद से जोड़ों के दर्द को कम कर सकते हैं।

आपको ऐसे ड्राई फ्रूट्स के बारे में बता रहे हैं, जिन्हें भिगोकर खाने से आपको फायदा हो सकता है। ये, जरूरी न्यूट्रिएंट्स और विटामिन्स से भरपूर हैं। मैंने इस रूटीन को आजमाया है और इससे फायदा पाया है। अब आपके जोड़ों के दर्द को अलविदा कहने की बारी है।



### अखरोट

अखरोट ओमेगा-3 फैटी एसिड से भरपूर होने के कारण दर्द को कम करता है। इसके अलावा, इसमें कई तरह के न्यूट्रिएंट्स जैसे हेल्दी फैट, फाइबर, विटामिन्स और मिनरल्स होते हैं, जो जोड़ों के दर्द और सूजन को कम करते हैं।

### अंजीर

अंजीर वात दोष को कंट्रोल करता है। यह दोष जोड़ों के दर्द का सबसे बड़ा कारण है। साथ ही, अंजीर में मौजूद कैल्शियम हड्डियों और जोड़ों को मजबूत बनाता है और दर्द से राहत देता है। इसके अलावा, अंजीर में फाइबर की मात्रा ज्यादा होती है। इससे पेट आसानी से साफ होता है।



### बादाम

अखरोट की तरह बादाम से भी आप जोड़ों के दर्द और सूजन को कम कर सकते हैं। बादाम में मोनोसैचुरेटेड और पॉली सैचुरेटेड जैसे गुड फैट्स के साथ ओमेगा-3 फैटी एसिड और फाइबर जैसे न्यूट्रिएंट्स होते हैं। इसके अलावा, इसमें मौजूद एंटी-इंफ्लेमेटरी गुण दर्द को कम करते हैं।

### किशमिश

तुरंत एनर्जी देने के अलावा, किशमिश जोड़ों के दर्द और सूजन को कम करती हैं। ये डाइटरी फाइबर और फाइटोकेमिकल्स का सबसे अच्छा स्रोत हैं। इसमें एंटी-ऑक्सीडेंट और एंटी-इंफ्लेमेटरी गुण होते हैं।

### खजूर

भीगे खजूर खाने से कैल्शियम के साथ फाइबर, सेलेनियम, पोटेशियम, फॉस्फोरस, मैग्नीशियम और कॉपर मिलता है, जिससे हड्डियां मजबूत होती हैं। इससे जोड़ों के दर्द और कमजोरी से राहत मिलती है। इसके अलावा, खजूर के एंटी-इंफ्लेमेटरी गुणों के कारण यह जोड़ों के दर्द से परेशान लोगों के लिए अच्छा होता है।

## सीनियर तथा होप्स में रोमांचक मुकाबले अर्जुन और सिया पहुंचे फाइनल में

**22वीं स्टेग छत्तीसगढ़ राज्य एवं अंतर जिला टेबल टेनिस प्रतियोगिता**



**रायपुर।** रायपुर में 22वीं स्टेग छत्तीसगढ़ राज्य एवं अंतर जिला टेबल टेनिस प्रतियोगिता-2024 में शनिवार को सीनियर पुरुष एवं महिला एकल वर्ग तथा यूथ अंडर-11 (होप्स) बालक एवं बालिका एकल वर्ग अंतिम दौर के मुकाबले खेले गए। छत्तीसगढ़ टेबल टेनिस संघ द्वारा भारतीय जीवन बीमा निगम एवं सेन्ट्रल बैंक ऑफ़ इंडिया के सहयोग से सप्रे शाला टेबल टेनिस हाल, बुढ़ापारा में 7 नवम्बर से शुरू हुई प्रतियोगिता 10 नवंबर तक चलेगी।

शनिवार को सीनियर पुरुष एकल वर्ग में अर्जुन मल्होत्रा ने क्वार्टर फायनल में प्रथम वरीयता प्राप्त सागर घाटगे को हराकर प्रतियोगिता का सबसे बड़ा उलटफेर करते हुये सेमी फायनल राजीव साहू को हराकर फायनल में प्रवेश किया । सीनियर महिला एकल वर्ग में सिया मेघानी (बिलासपुर) ने प्रथम वरीयता प्राप्त प्रज्ञा पाठक (दुर्ग) को हराकर प्रतियोगिता का सबसे बड़ा उलटफेर करते हुये फायनल में प्रवेश किया। सीनियर पुरुष एवं महिला एकल वर्ग तथा यूथ अंडर-11 (होप्स) बालक एवं बालिका एकल वर्ग के अंतिम दौर के मुकाबले जारी हैं। प्रतियोगिता में अभी तक खेले गए मैचों में सीनियर पुरुष एकल वर्ग सेमीफायनल-अर्जुन मल्होत्रा (रायपुर) ने राजीव साहू (रायपुर) को 4-0 हराकर पहली बार फाइनल में प्रवेश किया।

## चावल का आसान उपाय, दूर हो जाएगी घर से पैसों की समस्या

कड़ी मेहनत के बावजूद लोगों को शिकायत रहती है कि हमें पूरा फल नहीं मिला, लेकिन चावल के इस उपाय से आप अपनी समस्याओं का निपटारा कर सकते हैं। चावल से जुड़े इन उपाय के बारे में आइए ज्योतिषाचार्य पंडित अरविंद त्रिपाठी से विस्तार से जानते हैं।

**इस तरह होगी धन की कमी दूर होगी:** अक्षत यानी पूजा में साबुत चावल का उपयोग किया जाता है। हर दिन पूजा की थाली में सफेद चावल के कुछ दाने रखे ही जाते है, इतना ही नहीं पूजा करते समय भगवान को लाल टीके के बाद चावल भी माथे पर लगाया जाता है। दरअसल, अक्षत का अर्थ से धन की कमी दूर करने से है।

**देवी लक्ष्मी को प्रसन्न करने का अचूक उपाय:** धन की देवी लक्ष्मी की कृपा पाने सुबह जल्दी उठकर साफ लाल रेशमी कपड़े में चावल के 21 अखंडित दानों को रख देना है। अखंडित से अर्थ है कि एक भी चावल टूटे नहीं होने चाहिए। इस कपड़े में गांठ बांधकर इसे आप अपनी तिजोरी में रख दें।



## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड


## 11 नामांकनों के साथ शीर्ष पर बेयोंसे, ग्रैमी पाने दिग्गजों में होड़



67वें ग्रैमी अवॉर्ड्र्स के लिए नामांकनों की घोषणा की 8 नवंबर को कर दी गई। इस बार भी पुरस्कार पाने वालों की रेस में कई बड़े नाम हैं। एल्बम, गाने और रिकॉर्ड ऑफ द ईयर सहित 11 नामांकनों के साथ बेयोंसे इस सूची में शीर्ष पर हैं। इलिश, केंड्रिक लैमर, पोस्ट मेलोन और चार्ली एक्ससीएक्स सात-सात नामांकनों के साथ दूसरे स्थान पर हैं, जबकि टेलर स्विफ्ट, चैपल रोआन और सबरीना कारपेंटर छह-छह नामांकनों के साथ तीसरे स्थान पर हैं। वहीं, लिवरपूल के एक छोटे से ग्रुप ने भी इस बार बड़ा कारनामा कर दिखाया है। द बीटल्स का गाने 'नाऊ एंड देन' नामांकन पाने में कामयाब रहा है। प्रतिष्ठित एल्बम ऑफ द ईयर पुरस्कार के लिए बेयोंस का काउबॉय कार्टर, स्विफ्ट का द टॉर्चर्ड पोएट्स डिपार्टमेंट, कारपेंटर का शॉर्ट एन स्वीट, इलिश का हिट मी हार्ड एंड सॉफ्ट, चार्ली एक्ससीएक्स का ब्रैट, जैकब कोलियर का डीजेसी वॉल्यूम 4, आंद्रे 3000 का न्यू ब्लू सन और चैपल रोआन का द राइज एंड फॉल ऑफ ए मिडवेस्ट प्रिंसेस इस बार नामांकित है। ट्रेलर स्विफ्ट के पास अब तक 14 ग्रैमी में से चार एल्बम ऑफ द ईयर अवॉर्ड हैं , पिछले साल मिडनाइट्स के लिए पुरस्कार जीतने के बाद उन्होंने फ्रैंक सिनात्रा, स्टीवी वंडर और पॉल साइमन को पीछे छोड़ दिया था। वहीं, बेयोंसे ने अब तक सबसे अधिक 32 ग्रैमी अवॉर्ड अपने नाम किए हैं। हालांकि, चार नामांकन के बावजूद वह कभी एल्बम पुरस्कार नहीं जीत सकी हैं।

### टॉलीवुड

## धनुष के बाद 'अमरन' में मिला कमल का साथ, अब क्या 'कुली' में नजर आएंगे शिव



साउथ अभिनेता शिव कार्तिकेयन इन दिनों 'अमरन' की सफलता को लेकर चर्चा में बने हुए हैं। वे फिल्म की सफलता का उत्साह के साथ जश्न मना रहे हैं। इस वॉर बायोपिक ड्रामा 'अमरन' ने बॉक्स ऑफिस पर अच्छा कलेक्शन भी किया है। यह फिल्म अभिनेता के करियर के लिए महत्वपूर्ण भी साबित हुई है, जिसनें उन्हें स्टार के रूप में सबसे सामने खड़ा कर दिया है। अभिनेता की इस उपलब्धि के हकदार सुपरस्टार कमल हासन भी हैं, जिन्होंने 'अमरन' का निर्माण किया है। कई दफा फिल्म के प्रचार के साथ शिवकार्तिकेयन कमल हासन की प्रशंसा करते हुए उनका शुक्रिया अदा कर चुके हैं। ऐसे में चलिए आज शिवकार्तिकेयन से जुड़ी कुछ दिलचस्प बातों के बारे में जानते हैं। 5 वर्षों की छोटी सी अवधि में अभिनेता शिवकार्तिकेयन ने तमिल फिल्म उद्योग में तूफान ला दिया है। उन्होंने एक स्टैंड-अप कॉमेडियन के रूप में शुरुआत की, फिर एक टेलीविजन अभिनेता गए, जिसके बाद उन्होंने फिल्मों में कदम रखा और अंततः कॉलीवुड के उभरते सितारे बन गए। शिवकार्तिकेयन अपने पिता जी. डॉस की तरह एक ईमानदार पुलिस अधिकारी बनना चाहते थे। हालांकि, अपने पिता की मृत्यु के बाद, उन्होंने इस पेशे में रुचि खो दी। 2015 में उन्होंने 'काकी सत्ताई' में एक पुलिस अधिकारी की भूमिका निभाकर अपने पिता को ऑन-स्क्रीन श्रद्धांजलि दी। शिवकार्तिकेयन का जीवन में कोई निश्चित लक्ष्य नहीं था। पुलिस अधिकारी बनने का विचार त्यागने के बाद उन्होंने इंजीनियरिंग करने का निर्णय लिया, लेकिन बाद में उन्हें एहसास हुआ कि यह उनके लिए उपयुक्त नहीं है।

### भोजपुरी

## अक्षरा ने अपनी मनौती साझा की फैंस के साथ, मिली तारीफ

अभिनेत्री अक्षरा सिंह ने पहली बार छठ पूजा की। शादी से पूर्व छठ व्रत करने पर उन्हें ट्रोल भी किया गया, लेकिन अभिनेत्री ने इसका भी मुंहतोड़ जवाब दिया और कहा कि इतना बड़ा पर्व शादी का मोहताज नहीं है। लोक आस्था के पर्व के सेलिब्रेशन की झलिकयां अक्षरा लगातार फैंस के साथ साझा कर रही हैं। उन्होंने दूसरे दिन खरना की वीडियो साझा की है। साथ ही उन्होंने छठी मईया से देशवासियों की खुशहाली के लिए मनौती भी मांगी है।



अक्षरा सिंह के छठ व्रत करने पर जहां कुछ लोग सवाल उठा रहे हैं, वहीं फैंस उनके साथ खड़े हैं। यूजर्स लिख रहे हैं, 'जय हो छठी मैया, छठी मैया का आशीर्वाद दीदी आप पर और आपके घर के हर सदस्य पर सदैव बना रहे'। एक अन्य यूजर ने लिखा, 'छठ सिर्फ एक पर्व नहीं, यह इमोशन है। इसका इंतजार एक बिहारी अपने जन्मदिन से भी ज्यादा बेकरारी से करता है'। अक्षरा सिंह भोजपुरी सिनेमा की सुपरस्टार हैं। सोशल मीडिया पर भी उनकी तगड़ी फैन फॉलोइंग है। इंस्टाग्राम पर उन्हें 6.6 मिलियन लोग फॉलो करते हैं। वर्क फ्रंट की बात करें तो अक्षरा की आगामी फिल्म 'जानू आई लव यू' है।

## फैशन की ऊंचाई


लाइफ स्टाइल



हर फ़ैशन शो इवेंट का केंद्र बिंदु स्टेज होता है। दर्शक वहाँ शो देख सकते हैं क्योंकि मॉडल यहां डिज़ाइनर की हाल की कृतियों को प्रदर्शित करते हैं। पूरे इवेंट का मूड एक ऐसे स्टेज से तय किया जा सकता है जिसे सोच-समझकर डिज़ाइन किया गया हो। पिछले दिनों मुंबई फैशन वीक में मॉडल्स अपने डिजाइन प्रदर्शित करते हुए अपनी ऊंचाई को भी खूबसूरती से दर्शा रही थी।

# बदलते मौसम में फटने लगे हैं होंठ, तो उठाए यह कदम

नवम्बर का महीना चल रहा है। ऐसे में सर्दियों ने दस्तक दे दी है। होंठों को भी त्वचा



की ही तरह बदलते मौसम में अतिरिक्त केयर की जरूरत होती है। अगर नारियल के तेल से मिलने वाले फायदों की बात करें तो इसमें ओमेगा-3 होता है जो कि आपकी स्किन में अंदर से नमी को लॉक करता है।

इसके साथ ही ये एक तरह के हीलर की तरह काम करता है, जो होंठों के लिए काफी फायदेमंद होता है। अगर आप नारियल के तेल से अपने होंठों पर मसाज करेंगे तो इससे आपको फायदा जरूर मिलेगा। इससे लिए सबसे पहले टूथ ब्रश को गीला करें और हल्के हाथ से होठों को रगड़ें। इससे होंठों की डेड स्किन निकल जाएगी। अगर आप जल्दी फटे होंठों से राहत पाना चाहते हैं तो नारियल के तेल में हल्का सा जैतून का तेल मिलाएं। अब इसे आप हर रोज सोने से पहले अपने होंठों पर लगा सकते हैं। जिस तरह ज्यादातर लोग लिप बाम का इस्तेमाल करते हैं, ठीक उसी तरह से आप भी नारियल के तेल को लिप बाम की तरह अपने होंठों पर लगा सकते हैं। इससे आपको फायदा जरूर मिलेगा।



## फेस्टिव आउटफिट्स के साथ खूब जचेंगे लिपस्टिक के ये खास शेड्स



कई बार जल्दबाजी में तैयार होते समय हम अपने लिए लिपस्टिक के सही कलर नहीं चुन पाते हैं और इसी के कारण अपने लुक को बिगाड़ लेते हैं। तो कुछ ऐसे लिप शेड्स जिन्हें आप खास इस फेस्टिव सीजन के लिए कर सकती हैं ट्राई और लगा सकती हैं अपने लुक में चार चांद। अगर आप बोल्ड कलर के शेड्स लगाना पसंद करती हैं तो रेड फैमिली शेड में से मैरून कलर को चुन सकती हैं। हालांकि मैरून कलर में भी कई शेड्स आपको मिल जाएंगे, लेकिन आप किसी भी कलर को चुनने से पहले अपनी स्किन टोन का खास ख्याल रखें। बाकी यह कलर लगभग हर स्किन टाइप पर खूबसूरत नजर आता है।

वहीं अगर आप मैट कलर से बोर हो गई हैं और ग्लॉसी लुक की तरफ जाना चाहती हैं तो इस तरह से किसी भी न्यूट्रल कलर की लिपस्टिक लगाकर होंठों पर ग्लॉस का इस्तेमाल कर सकती हैं। लुक को आकर्षक बनाने के लिए आप बेस मेकअप पर भी थोड़ा बहुत ध्यान जरूर दें।

आजकल ब्राउन कलर की लिपस्टिक को काफी पसंद किया जाने लगा है और यह कलर लगभग हर स्किन टोन पर खूबसूरत नजर आता है। वहीं इस कलर पैलेट में आपको न्यूड शेड्स से लेकर डार्क और बोल्ड लुक देने वाले भी ब्राउन कलर आसानी से मिल जाएंगे।

ब्लश पिंक लिपस्टिक कलर खासकर फेयर स्किन टोन पर खूबसूरत नजर आता है। वहीं इस लिप कलर को आप हल्का-फुल्का बेस मेकअप करके ही होंठों पर लगाएं। ऐसा करने से आपका चेहरा बेहद खिला हुआ नजर आने लगेगा। साथ ही ब्लश के लिए भी आप ब्लश पिंक कलर को ही चुनें।

## त्यौहारों पर दिखाना है जलवा तो पहन सकती हैं इस तरह की डिजाइनर साड़ियां



फैशन

त्यौहार हर विवाहित महिला के लिए बेहद खास होता है। भारतीय विवाहित त्यौहारों को मनाना कभी नहीं भूलतीं। अपने हर त्यौहार को खास बनाने के लिए महिलाएं कई श्रृंगार करती हैं और नई-नई साड़ी पहनती हैं। आज कुछ डिजाइनर साड़ी पर बात की जाए। ये सभी साड़ियां आपको आसानी से बाजारों में मिल जाएंगी।



### सीक्वेन साड़ी

अगर आप करवा चौथ पर ग्लैमरस दिखना चाहती हैं तो इस तरह की सीक्वेन साड़ी कैरी करें। ये देखने में काफी प्यारी लगती हैं।

### सिल्क साड़ी

अगर ये आपका पहला करवा चौथ व्रत है तो लाल रंग की सिल्क की साड़ी आपके लिए एक बेहतर विकल्प है। ये देखने में बेहद खूबसूरत लगती है।

### रफल साड़ी

इस तरह की साड़ी आपको किसी डिजाइनर शोरूम पर ही मिलेगी। ऐसी साड़ियां काफी क्लासी लगती हैं। आप इन्हें ऑनलाइन भी खरीद सकती हैं।



### फ्लोरल प्रिंट

अगर आप कुछ सिंपल पहनना चाह रही हैं तो इस तरह की फ्लोरल प्रिंट की साड़ी आपके लिए परफेक्ट है। ये देखने में भी काफी खूबसूरत लगती है।

### शिफॉन साड़ी

अगर आपको लाल साड़ी ही पहननी तो हैवी ब्लाउज के साथ इस तरह की शिफॉन की साड़ी आप पहन सकती हैं।

**आर्गेंजा साड़ी:** इस तरह की साड़ियां काफी हल्की होती है लेकिन इन्हें कैरी करना थोड़ा मुश्किल होता है। दरअसल, इन्हें पहनते वक्त आपको कई पिन की जरूरत पड़ेगी। वरना ये खिसकती रहेगी। ये देखने में काफी क्लासी लगती हैं।

## आसान विधि से घर पर तैयार करें बॉडी लोशन



सर्दिया शुरू होते ही लोगों को त्वचा से संबंधी दिक्कतें काफी परेशान करने लगती हैं। भले ही सर्दियों का मौसम हर किसी को पसंद आता हो, लेकिन इसी मौसम में हर कोई अपनी रूखी त्वचा से काफी परेशान रहता है। इसके लिए बहुत से लोग बाजार में मिलने वाले बॉडी लोशन इस्तेमाल करते हैं।

बाजार में आज के समय हर स्किन टाइप के हिसाब से बॉडी लोशन मिलते हैं लेकिन कई बार ऐसा होता है कि ये बहुत से लोगों को सूट नहीं करते। बहुत से लोग इन बॉडी लोशन को इस्तेमाल करने से बचते हैं। ऐसे में आप चाहें तो घर पर ही बॉडी लोशन तैयार कर सकते हैं। घर पर तैयार किया गया बॉडी लोशन केमिकल रहित होगा, ऐसे में इसके इस्तेमाल से आपकी त्वचा पर किसी तरह का खतरा नहीं मंडराएगा।

घर पर बॉडी लोशन बनाने के लिए सबसे पहले एक डबल बॉयलर में शिया बटर, कोकोआ बटर, नारियल तेल और जोजोबा या बादाम तेल को डालें। इन सभी को पिघलाते हुए लगातार चलाते रहें, ताकि सभी चीजें अच्छी तरह से मिक्स हो जाएं।

इसके बाद जब सभी चीजें पिघल जाएं और अच्छी तरह मिल जाएं, तब इस मिश्रण को आंच से हटा लें। आंच से हटाने के बाद इसमें आवश्यक तेल की बूंदें डालें और अच्छे से मिलाएं। यदि तेल अच्छी तरह से मिक्स नहीं होगा, तो पूरे मिश्रण में इसकी खुशबू नहीं आएगी। इसके बाद अब मिश्रण को फ्रीजर में 10-15 मिनट के लिए रखें। बस ध्यान रखें कि ये पूरी तरह से जमकर टाइट न हो जाए। हल्का जमने पर इसे फ्रीजर से निकालें और फिर हैंड मिक्सर या व्हिस्क की मदद से फेंटें। इससे बॉडी लोशन का टेक्चर बिगड़ जाएगा।

बस अब आपका बॉडी लोशन तैयार है। इसे एक साफ जार में रखें। यह लोशन कमरे के तापमान पर कई हफ्तों तक ताजा रहेगा। आप इस लोशन को रोज नहाने के बाद अपनी त्वचा पर लगा सकते हैं। यह त्वचा को हाइड्रेट करेगा और उसे मुलायम बनाएगा।

कार्नर न्यूज

## परफेक्ट लुक के लिए जैकेट को करें नए तरीके से स्टाइल

# जैकेट को स्टाइल करने का ढंग होता है अलग-अलग, इससे आपका 'फैशन गेम' होगा परफेक्ट

जैकेट पहनना सबको ही पसंद होता है। इसलिए तो तकरीबन हर किसी के पास एक जैकेट होती ही है। आपके पास भी होगी। लेकिन इस जैकेट को पहनने के बाद आपका लुक भी परफेक्ट होता है क्या?




अगर नहीं तो कुछ खास ड्रेसिंग टिप्स आपकी मदद कर सकते हैं। ये वो टिप्स हैं जो जैकेट को स्टाइल करना सिखाएंगे। ये बताएंगे कि आप किन-किन तरीकों से जैकेट को बेहतर स्टाइल कर सकते हैं। इन टिप्स के साथ आपका फैशन गेम परफेक्ट होगा इस बात की गारंटी है-

वैसे एक्सपर्ट की मानें तो जैकेट हर ड्रेस के साथ अच्छी लगती ही है। बस शर्त इतनी है कि ड्रेस कैजुअल होनी चाहिए और ओवर साइज़ भी। गर्मी के लिए जैकेट को स्टाइल करना है तो आपकी स्ट्राइप वाली शर्ट को लुक में शामिल कर लीजिए। इसके साथ आप कैजुअल और हॉलिडे मोड में आ जाएंगे। लेकिन इसके साथ नार्मल पैंट या जींस की जगह चीनोस पहनिए आपका लुक बेस्ट आएगा।

जब आपको स्मार्ट कैजुअल लुक चाहिए हो तो आप फॉर्मल पैंट के साथ जैकेट को मैच करें, लुक अच्छा दिखेगा।

जैकेट के साथ सफ़ेद टीशर्ट का कॉम्बो तो आपको पता ही होगा। इसे जरूर ट्राई करें बस लोअर में जींस न पहनकर ब्लैक पैंट ही पहनें। शॉर्ट के साथ भी डेनिम जैकेट पहनी जा सकती है। इसके लिए स्नीकर और प्रिंटेड शर्ट को इसका साथी बनाइए और देखिए, ये लुक कैसे दोस्तों के बीच आपको पॉपुलर कर देता है, देखिएगा।

